उज्जैन
शुक्रवार
05
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-212
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



शिल्पा शिंदे ने फर्जी सेक्शुअल हैरेसमेंट केस करना कबूला, हिना खान समेत कई सेलेब्स भड़के, एनजीओ ने की गिरफ्तारी की मांग, शिल्पा बोलीं- सुसाइड करने वाली थी

## दिल्ली में बारिश से 11 फ्लाइट डायवर्ट, हरियाणा में क्रेन पलटी, 3 मौतें, मानसून केरलम पहुंचा

# जम्मू-कश्मीर के रियासी में बादल फटा, कई घरों को नुकसान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के बटोही इलाके में गुरुवार को बादल फट गया। इसके बाद इलाके में बाढ़ जैसे हालात बन गए। पानी और मलबा रिहायशी क्षेत्र में घुस गया, जिससे कई घरों को नुकसान पहुंचा।

प्रशासन और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। पहाड़ी ढलानों के पास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। फिलहाल किसी के घायल या हताहत होने की खबर नहीं है।

दूसरी ओर, दक्षिण-पश्चिम मानसून गुरुवार को केरल पहुंच गया। अगले 2-3 दिनों में इसके गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु तक पहुंचने की संभावना है। मानसून पूर्वोत्तर राज्यों और बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी आगे बढ़ सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में अगले 7 दिनों के दौरान कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, मध्यप्रदेश में आज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई।





**तीन दिन देरी से पहुंचा है मानसून-** इस साल मानसून केरल में सामान्य से 3 दिन देर से पहुंचा है। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। इसके बाद करीब डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। मानसून की वापसी आमतौर पर 17 सितंबर के आसपास राजस्थान से शुरू होती है और 15 अक्टूबर तक पूरी हो जाती है।

**मप्र और दिल्ली-एनसीआर में बारिश-** मध्य प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार शाम को तेज बारिश हुई। इस दौरान 70किमी की रफ्तार से आंधी चली। 200 से ज्यादा जगहों पर पेड़ की टहनियां टूट कर गिर गई है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में अंधेरा छा गया। फिल्म सिटी में आंधी के बाद कई पेड़ टूटकर कारों पर गिर गए। सड़कों पर पानी भरने से ट्रैफिक जाम लग गया।

**हरियाणा** के फरीदाबाद जिले में फ्लाईओवर निर्माण कार्य में लगी क्रेन कंटेनर पर पलट गई। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं बिहार के भागलपुर में बिजली गिरने से मां-बेटी की मौत हो गई। राजस्थान के जयपुर में दिल्ली से 4 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। श्रीगंगानगर में ओले गिरे। दिल्ली-एनसीआर में भी खराब मौसम के कारण 11 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा।

### भोपाल में आंधी-बारिश से 80 पेड़ गिरे

## देवास में कार बही, मप्र के 45 जिलों में आज भी अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री भले ही न हुई हो, लेकिन प्री मानसून जमकर बरस रहा है। झाबुआ में शुक्रवार सुबह जोरदार बारिश हुई। पीथमपुर में भी पानी गिरा। भोपाल में गुरुवार शाम करीब 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार के साथ आंधी चली और बारिश हुई। करीब 80 पेड़ या उनकी टहनियां सड़कों पर गिर गईं। इससे ट्रैफिक जाम के हालात बने। ओले भी गिरे।

देवास में बारिश की वजह से एक कार रपटे से बह गई। हादसा मसुरिया-भंडारिया रोड पर हुआ। कार सवार चार लोगों ने कूदकर जान बचाई।

मौसम केंद्र के मुताबिक, शुक्रवार को भोपाल-इंदौर समेत करीब 45 जिलों में मौसम बदला रहेगा। 60 किमी प्रतिघंटा तक की रफ्तार से आंधी चल सकती है। नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, श्योपुर, शिवपुरी, अशोक नगर, सागर और दमोह में तेज आंधी का ऑरेंज अलर्ट है।

## कैलाश खेर महाकाल मंदिर पहुंचे

### भस्म आरती में शामिल हुए, बोले- महाकाल की कृपा से जन्मों के पाप धुल जाते हैं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शुक्रवार तड़के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर का आशीर्वाद लिया।

कैलाश खेर सुबह करीब 3 बजे मंदिर पहुंचे और नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान वे भगवान महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहने के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही।

इसके बाद उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के माध्यम से जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कैलाश खेर ने कहा कि जो व्यक्ति महाकाल के दरबार में पहुंच जाता है, उसके जन्मों के पाप धुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि महाकाल की भस्म आरती के दर्शन होना भगवान की विशेष कृपा का प्रतीक है। उन्होंने मंदिर समिति की व्यवस्थाओं की भी सराहना करते हुए कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के दर्शन की व्यवस्था बहुत बेहतर ढंग से की जा रही है।

### राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा का बड़ा दांव

## मध्य प्रदेश से तरुण चुघ को उतारा मैदान में

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पांच राज्यों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करते हुए मध्य प्रदेश से राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को मैदान में उतारकर राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। इसके साथ ही पार्टी ने राजस्थान से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित कई प्रमुख नेताओं पर भरोसा जताया है।

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा जारी सूची के अनुसार मध्य प्रदेश से तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। तरुण चुघ लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उन्हें भाजपा नेतृत्व का करीबी माना जाता है। ऐसे में मध्य प्रदेश से उनकी उम्मीदवारी को संगठनात्मक संतुलन और राष्ट्रीय नेतृत्व की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

राज्यसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही एक और महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत सामने आया है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन के नाम भाजपा की सूची में शामिल नहीं किए गए हैं। दोनों नेताओं का राज्यसभा कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है। रवनीत सिंह बिट्टू वर्तमान में राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं, जबकि जॉर्ज कुरियन मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनके नामों का सूची से बाहर रहना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

भाजपा ने राजस्थान से सतीश पूनिया और अलका गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। सतीश पूनिया राजस्थान भाजपा के प्रमुख नेताओं में गिने जाते हैं और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। वहीं गुजरात से राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मानसिंह परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजारिया को उम्मीदवार घोषित किया गया है। ओडिशा से भाजपा ने देबाशीष सामंतराय को राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। सामंतराय हाल ही में बीजू जनता दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

### पीएम मोदी आज गुजरात दौरे पर

## वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे और दमन में एयरपोर्ट का उद्घाटन

ब्रह्मास्त्र ›› सूरत

पीएम मोदी आज गुजरात और दमन दौरे पर हैं। वह सूरत में 12,421 करोड़ रुपए के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे। इनमें वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के दो पैकेज के साथ 4 अन्य हाईवे शामिल हैं। सूरत पहुंचने के बाद 3:30 बजे पीएम मोदी इनडोर स्टेडियम में जनसभा करेंगे। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस होने की वजह से शहर में पीएम के कार्यक्रम के बैनर नहीं लगाए गए हैं। कार्यक्रम में आ रहे कार्यकर्ताओं को साइकिल और ई-व्हीकल से आने के लिए कहा गया है। वहीं, आम लोगों के आने के लिए नगर निगम 450 से ज्यादा ई-बसें चलाएगा। 5:30 बजे मोदी दमन पहुंच जाएंगे। वहां नए एयरपोर्ट के साथ रोड और टूरिज्म से जुड़े 2,970 करोड़ रुपए योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद स्वामी विवेकानंद मैदान में एक जनसभा करेंगे।

### एनएच-45 पर जंगल उजाड़ने की साजिश

## आधी रात पहाड़ी में कई जगह लगाई आग

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल-जबलपुर मार्ग (एनएच-45) पर आधी रात को जंगल उजाड़ने के लिए पहाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया। राजधानी से 229 किमी दूर दोगरगांव और बांधी गांव के बीच बिल्दा में पहाड़ी पर लगे घने जंगल को 25 से अधिक स्थानों पर आग लगाई गई। ये आग नेशनल हाइवे पर कई किमी दूर से दिखाई दी। जानकारी के मुताबिक ये वन क्षेत्र शिकारियों और वन माफिया के निशाने पर रहता है। इसी के चलते यहां लगे वन क्षेत्र को आग के हवाले किया गया। इस मामले में एपीसीसीएफ (संरक्षण) अमित कुमार दुबे ने बताया कि संबंधित वन मंडल को निर्देश दिए हैं कि मौके पर जाकर जांच करें और विस्तृत रिपोर्ट दें। दुबे के मुताबिक रिपोर्ट मिलने के बाद ही इस संबंध में बता सकेंगे।

## श्रेयस अय्यर भारत के टी-20 कप्तान बनेंगे

### तिलक उपकप्तान, वैभव सूर्यवंशी को पहली बार मौका मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



श्रेयस अय्यर भारत के नए टी-20 कप्तान बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटा दिया गया है। वहीं बैटर तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाए जाने की संभावना है। भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए किया जाएगा।

आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया जाएगा। 6 जून को होने वाली सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग में अय्यर भी शामिल हो सकते हैं। श्रेयस ने भारत के लिए अपना आखिरी टी-20 मैच दिसंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में खेला था। टीम कॉम्बिनेशन के चलते वे टीम से बाहर थे। इसी साल जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्हें इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया गया था, लेकिन वर्ल्ड कप की तैयारियों के कारण उन्हें प्लेइंग-11 में मौका नहीं मिला। अब लगभग ढाई साल बाद उनकी नेशनल टीम में वापसी हो रही है।

**15 साल के वैभव सूर्यवंशी को मौका-** बिहार के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को पहली बार भारतीय सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। वे 1980 के दशक के अंत में सचिन तेंदुलकर के सिलेक्शन के बाद से भारतीय मेंस टीम में चुने जाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनेंगे।

## कोयला घोटाले में एसईसीएल के चार अधिकारी दोषी करार

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में जबलपुर स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चार अधिकारियों को दोषी करार दिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रूपेश कुमार गुप्ता की अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपित अधिकारियों एके गोस्वामी, आरएल प्रसाद, एमएम शर्मा और आरडी दीवान के खिलाफ आरोप सिद्ध पाए और उन्हें कारावास तथा जुर्माने की सजा सुनाई।

अदालत ने एके गोस्वामी और आरएल प्रसाद को चार-चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए जुमार्ने से भी दंडित किया है. वहीं एमएम शर्मा और आरडी दीवान को एक-एक वर्ष के कारावास के साथ आर्थिक दंड लगाया गया है। अदालत के इस फैसले को सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनियों में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### शिप्रा को प्रदूषण मुक्त रखने और सीवेज जल के

## वैज्ञानिक शोधन के लिए महत्वपूर्ण कार्यों को मिली गति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मां शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने और उज्जैन शहर से निकलने वाले सीवेज जल के वैज्ञानिक शोधन के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्यों को गति मिली है।

नगरीय विकास एवं आवास के आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि योजना के तहत उज्जैन शहर के भैरूगढ़ एवं पीलियाखाल नालों को इंटरसेप्ट एवं टेप कर उनके सीवेज जल का उपचार किया जाएगा। इसके लिए 24.30 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता के आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना की लागत लगभग 81 करोड़ रुपए है।

परियोजना पूर्ण होने के बाद शहर से निकलने वाले अपशिष्ट जल का वैज्ञानिक तरीके से शोधन किया जाएगा, जिससे मां क्षिप्रा नदी में प्रदूषित जल के प्रवाह को प्रभावी रूप से रोका जा सकेगा।


आयुक्त भोंडवे ने बताया कि परियोजना के माध्यम से नदी के जल की गुणवत्ता में सुधार, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा तथा उज्जैन शहर की स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित होगा। साथ ही यह पहल धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की मां क्षिप्रा नदी के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



**सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच ये परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण-** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच इस परियोजना को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी शिप्रा नदी में वर्तमान में भैरवगढ़ क्षेत्र की बटिक प्रिंट इकाइयों और पीलियाखाल नाले का दूषित पानी पहुंचता है। परियोजना पूरी होने के बाद यह पानी उपचारित होकर ही नदी में छोड़ा जाएगा, जिससे जल गुणवत्ता में सुधार आएगा। परियोजना के तहत भैरवगढ़ क्षेत्र में 2.38 एमएलडी तथा पीलियाखाल क्षेत्र में 22.06 एमएलडी क्षमता के दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाए जाएंगे। इसके अलावा दो सीवेज पंपिंग स्टेशन, दो एफ्लुएंट पंपिंग स्टेशन, लगभग 1420 मीटर राइजिंग मेन तथा 3500 मीटर एफ्लुएंट लाइन बिछाई जाएगी। जल गुणवत्ता की निगरानी के लिए पीएलसी-स्काडा आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया जाएगा। परियोजना में सौर ऊर्जा आधारित सुविधाएं भी शामिल हैं।




## पुतिन बोले- अमेरिका का मोदी पर दबाव डालना बेकार



**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अमेरिका भारत पर रूस के साथ उसके रिश्ते सहित कई मुद्दों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोशिशें बेकार हैं। भारत इसका विरोध करेगा। पुतिन ने पीटीआई समेत दुनिया की प्रमुख न्यूज एजेंसियों के हेड से बातचीत के दौरान भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की। उन्होंने कहा- भारत एक महान देश और लोकतंत्र है। रूस उसे अपना भरोसेमंद पार्टनर मानता है। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा- भारत अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देता है। अमेरिका से उसके बढ़ते संबंधों से भारत-रूस की पार्टनरशिप पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## सम्राट सरकार ने लालू-राबड़ी की जेड+ सुरक्षा खत्म की

**पटना।** सम्राट सरकार की तरफ से राबड़ी आवास को खाली करने का नोटिस दिया गया है। इस बीच लालू परिवार की सुरक्षा घटा दी गई है। आरजेडी के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी की जेड प्लस सिक्योरिटी खत्म कर दी गई है। दोनों को अब बिहार पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था दी गई है, जिसमें एस्कॉर्ट, बुलेट प्रूफ कार और 8 से 16 गार्ड शामिल हैं। लालू यादव के बेटे और जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव की भी वाय कैटेगरी की सुरक्षा खत्म कर दी गई है। सरकार ने अब उन्हें सिर्फ एक बॉडीगार्ड दिया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, उनकी पत्नी राजश्री और बहन मीसा भारती की सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## ट्रम्प बोले- ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलकर गर्व होगा



**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच समझौता होता है, तो वह ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलने के लिए तैयार हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा, मैं मिलना नहीं चाहता, लेकिन अगर मुलाकात होती है तो मुझे गर्व होगा। अगर डील हो जाती है तो मुलाकात संभव है। मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि कोई भी संभावित मुलाकात सम्मानजनक होगी और मैं ईरान के सुप्रीम लीडर से इज्जत से पेश आऊंगा।

## टीसीएस केस की पीड़ित बोली- पाकिस्तानी मौलवियों के वीडियो दिखाए

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस ऑफिस में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण मामले की चार्जशीट में नए खुलासे हुए हैं। चार्जशीट के मुताबिक आरोपियों ने सोची-समझी साजिश के तहत पीड़ितों को निशाना बनाया। एक पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसे पाकिस्तानी इस्लामिक मौलवी तारिक जमील और जाकिर नाइक के वीडियो दिखाए जाते थे। पिछले हफ्ते नासिक की एक अदालत में पेश चार्जशीट के मुताबिक ये वीडियो पीड़ितों को इसलिए दिखाए गए, ताकि वे इस्लाम के बारे में जान सकें। आरोपियों ने पीड़ित से कहा कि वह भजन सुनना और मंदिर जाना बंद कर दे। अल्लाह सारे गुनाह माफ कर देंगे। नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में काम करने वाली 9 पीड़ित महिलाओं ने अप्रैल में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## होर्मुज संकट के बीच वेनेजुएलाई राष्ट्रपति भारत आईं, पीएम मोदी से मिलीं



**नई दिल्ली।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने पीएम मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब भारत और वेनेजुएला के बीच ऊर्जा सहयोग तेजी से बढ़ा है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच तेल सप्लाई को लेकर बड़ा समझौता हो सकता है। इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने भी डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि भारत-वेनेजुएला संबंधों को मजबूत करने में रोड्रिगेज की लंबे समय से महत्वपूर्ण भूमिका रही है और प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत दोनों देशों के सहयोग को और आगे बढ़ाएगी।

## ढाका का दावा जबरन लोगों को सीमा पार भेजने की कई कोशिशें नाकाम

**ढाका।** भारत और बांग्लादेश के बीच अवैध प्रवासन को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। बांग्लादेश सरकार ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान भारत की ओर से लोगों को जबरन उसकी सीमा में भेजने की कई कोशिशों को विफल कर दिया गया। ढाका के इस आरोप के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच पहले से संवेदनशील बने हुए सीमा और प्रवासन संबंधी मुद्दे फिर चर्चा में आ गए हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों के अनुसार सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों ने ऐसे कई मामलों में हस्तक्षेप किया, जहां कथित रूप से लोगों को भारतीय सीमा से बांग्लादेश की ओर धकेलने का प्रयास किया गया।

उज्जैन
शुक्रवार
05
जून, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र


साधुम्यस्ते निवर्तन्ते पुत्रः मित्राणि बान्धवाः।
ये च तैः सह गन्तारस्तद्धर्मात्सुकृतं कुलम्॥

**अर्थः** संसार के अधिकतर पुत्र, मित्र और भाई साधु-महात्माओं, विद्वानों आदि की संगति से दूर रहते हैं। जो लोग सत्संगति करते हैं, वे अपने कुल को पवित्र कर देते हैं।

## खबर एक नजर...

### वंदे मातरम् अपमान मामले में फौजिया शेख को झटका

**इंदौर।** वंदे मातरम् के अपमान से जुड़े चर्चित मामले में इंदौर नगर निगम की पूर्व नेता प्रतिपक्ष फौजिया शेख अलीम को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी है। मामले में शासन की ओर से जमानत आवेदन का विरोध करते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। दरअसल यह मामला उस समय चर्चा में आया था जब नगर निगम परिषद की बैठक के दौरान वंदे मातरम के अपमान को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। आरोप है कि उस दौरान वंदे मातरम् के प्रति आपत्तिजनक व्यवहार किया गया, जिसके बाद संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। इस घटना को लेकर राजनीतिक माहौल भी गर्मा गया था और विभिन्न संगठनों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में गिरफ्तारी की आशंका के चलते फौजिया शेख अलीम की ओर से अग्रिम जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक अभिजीत सिंह राठौर ने कोर्ट को बताया कि मामला राष्ट्रीय भावना और जनभावनाओं से जुड़ा है तथा इसकी गंभीरता को देखते हुए अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए आवेदन खारिज कर दिया।

### किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी ने गला काटने की धमकी दी

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में 14 साल की किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद डरी सहमी किशोरी दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली। बाद में मां के पूछने पर उसने पूरी घटना बताई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की मां बुधवार को अपनी नाबालिग बेटी को लेकर थाने पहुंची थी। महिला ने बताया कि वह नगर निगम में नौकरी करती है। उसकी बड़ी बेटी 1 जून की रात घर के बाहर सहेलियों के साथ खेल रही थी। खेल के दौरान किशोरी पास की एक बिल्डिंग के पास छिपने पहुंची, तभी वहां मौजूद वासूदेव उर्फ वासू ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर वहां एक अन्य व्यक्ति पहुंच गया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। जाते-जाते उसने किशोरी को धमकी दी कि अगर किसी को घटना के बारे में बताया तो उसका गला काट देगा। धमकी और डर के कारण किशोरी दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, खुद का आईफोन तोड़ा

**इंदौर।** सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले 18 वर्षीय युवक ने बुधवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेंट्रल कोतवाली पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान गौरव पुत्र मनोज कुरिल निवासी नार्थ तोड़ा के रूप में हुई है। गौरव अपने मामा के साथ जूते-चप्पल की दुकान पर काम करता था। परिजनों ने बताया कि बुधवार को वह काफी परेशान और गुमसुम था तथा किसी से ठीक से बात नहीं कर रहा था। बताया जा रहा है कि घटना से पहले गौरव ने अपना मोबाइल फोन तोड़ दिया था। इसके बाद वह अपनी मां का मोबाइल लेकर कमरे में चला गया। काफी देर तक जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो उसकी मां को शक हुआ। पड़ोसियों की मदद से कमरे का लॉक तोड़ा गया, जहां गौरव फंदे पर लटका मिला। कमरे में टूटा हुआ मोबाइल भी पड़ा हुआ था।

### एएसआई यादव सेवानिवृत्त, विदाई दी, सम्मान किया

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में 36 वर्ष 4 माह की सेवा के बाद सहायक पुलिस उप निरीक्षक (एएसआई) गौरीशंकर यादव 31 मई को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में 2 जून को थाना महाकाल और चिंतामन के तत्वावधान में परिवार और शुभचिंतकों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। सहायक उप निरीक्षक लोकेंद्र बेस के अनुसार नानाखेड़ा स्थित मांगलिक परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल थे। अध्यक्षता हेमराज यादव ने की। समारोह के दौरान वक्ताओं ने एएसआई यादव के सेवाकाल की उपलब्धियों, कार्य अनुशासन और समाज के प्रति योगदान की जमकर सराहना की। आयोजकों के अनुसार उन्होंने पूरे सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ विभागीय जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इस अवसर पर विद्याराम, चंद्रभान सिंह चौहान, राजेश यादव, मनीष यादव, विपिन, भूपेंद्र, संदीप आदि मौजूद थे।

### ब्लॉक के कारण इंदौर-पुरी एक्सप्रेस होगी प्रभावित



**उज्जैन।** पूर्व तटीय रेलवे खुर्दा रोड मंडल के पुरी स्टेशन के प्लेटफॉर्म और यार्ड में निर्माण के लिए ब्लॉक के कारण इंदौर-पुरी एक्सप्रेस का संचालन प्रभावित रहेगा। परे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया 9 एवं 16 जून को इंदौर से चलने वाली गाड़ी 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस, मालती-पाटपुर पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और मालतीपाटपुर- पुरी के मध्य निरस्त रहेगी।

---

रतलाम में बहन के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए आ रहे थे उज्जैन

# युद्ध की विभिषिका में पिता मंजूर की मौत, बेटे अनस का भविष्य अधर में

## जीवन के संघर्षों से जुझ रहे उज्जैन के बेटे को शुक्रवार जुम्मे की नमाज के बाद बेगमबाग कब्रस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलवार देर रात कुवैत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इरान के हमले में उज्जैन शहर के राज रायल एन्क्लेव निवासी मंजूर अहमद पिता स्व.समद रहमानी 50 वर्ष का निधन हो गया। उनके बेटे अनस रहमानी ने हाल ही में 12 वीं की परीक्षा पास की है। बकौल अनस अब्बा ने अच्छे कालेज में एडमिशन लेने के लिए कहा था। वे रतलाम वाली बुआ अंजुम बी के पुत्र शाहनवाज एहमद की 8 जून को शादी में शामिल होने के लिए उज्जैन आ रहे थे। सोमवार को उनसे अंतिम बार मोबाईल पर चर्चा की थी और मुझे बुधवार दोपहर में 1 बजे नागदा रेलवे स्टेशन पर लेने आने के लिए बुलाया था।

मंजूर अहमद की मौत की सूचना मिलने पर उनके निवास पर परिजनों एवं आसपास के रहवासियों के पहुंचने का क्रम जारी है। घर के बाहर ही रिश्तेदार उनके अंतिम दर्शनों की आस में हैं।

मंजूर अहमद के रिश्ते के भाई मुन्नवर हुसैन रहमानी बताते हैं कि वे पूर्व में बेगमबाग कालोनी में रहते थे। वहां महाकाल परिसर के विस्तार में मकान खाली किया और ढाई वर्ष पूर्व राज रायल एन्क्लेव में उन्होंने मकान खरीदा था। मंजूर परिवार में मझौले थे। उनसे बडी बहन अंजुम बी रतलाम में रहती हैं और छोटी आसमा बी उज्जैन के बेगमबाग में रहती हैं। दोनों विवाहित हैं।





### पुत्र को मिला पिता के निधन का संदेश

पुत्र अनस बताता है कि बुधवार दोपहर में उसके पास कुवैत स्थित भारतीय दुतावास से मोबाईल पर काल आया था। उन्होंने ही उसे सूचना देते हुए मंजूर अहमद की मौत की जानकारी दी। इसके साथ ही यह भी बताया कि गुरूवार को उनका शव रात 8 बजे की फ्लाईट से गल्फ एयरवेज की फ्लाईट से व्हाया बहरीन मुंबई होता हुआ अहमदाबाद रात 3 बजे पहुंचेगा। सूचना के आधार पर उज्जैन बेगमबाग निवासी मामा मोहम्मद ईस्माईल एवं उनके साथ दो मित्र गुरूवार को एंबुलेंस के साथ अहमदाबाद के लिए रवाना हुए हैं। एंबुलेंस एवं शव लाने को लेकर जिला प्रशासन ने उन्हें पूरे खर्च वहन से अवगत करवाया है। पार्षद प्रतिनिधि फिरोज पठान ने इस संबंध में चर्चा की है।

### संघर्षशील जीवन रहा

मंजूर करीब 30 वर्ष से कुवैत में रहकर लेडिज टेलरिंग के कार्य से जुडे हुए थे। उनके तीन बच्चों में पुत्र अनस सबसे छोटा है और पुत्री सबा परवीन एवं सना परवीन का वे 2015 एवं 2022 में मंदसौर में विवाह कर चुके हैं। मंजूर की वृद्ध विधवा मां शमीमबानों पत्नी फरीदा बी और पुत्र अनस राज रायल एन्क्लेव के मकान में निवास करते हैं। पत्नी गृहणि हैं। कुवैत में रहते हुए ही उन्होंने अपने परिवार का निरंतर पालन पोषण किया और दोनों पुत्रियों का विवाह किया। इस बीच वर्ष 2020 में उनके पिता अब्दुल समद रहमानी का कोरोना काल में निधन हो गया ,वे बर्तनों पर कलाई करने का काम करते थे। मंजूर अपने पुत्र अनस का भविष्य संवारने के लिए वे अभी भी कुवैत में स्पांसर जावेद भाई के मलंग अल जैद नामक शाप में काम कर रहे थे और कुछ समय और का हवाला परिवार को देते रहते थे।

### जुम्मे की नवाज के बाद सुपुर्दे खाक किए जाएंगे

अनस एवं उनके रिश्ते के चाचा मुनव्वर बताते हैं कि भारतीय दुतावास,जिला प्रशासन पूरी मदद कर रहे हैं हम उनका धन्यवाद करते हैं कि परिवार पर वज्रपात के समय में हमें पुरा सहयोग मिल रहा है। उनके अनुसार शुक्रवार को शव के उज्जैन पहुंचने और जुम्मे की नवाज के बाद उनका अंतिम संस्कार बेगमबाग स्थित कब्रस्तान में किया जाएगा।

### सोमवार को पुत्र से अंतिम बार चर्चा

पिता के अंतिम बार बात करने के मुद्दे पर अनस रूंआसा हो जाता है और बताता है कि सोमवार को उन्होंने मुझसे अंतिम बार काफी देर बात की थी। इस दौरान उन्होंने मेरे भविष्य को लेकर चचाएं की थी और अच्छे कालेज में एडमिशन के लिए कहा था। उसी समय उन्होंने उज्जैन आने का पूरा कार्यक्रम बताते हुए कहा था कि कुवैत से मंगलवार रात को मुंबई की फ्लाईट है। मुंबई से बांद्रा झहरिद्वार ट्रेन में रिजर्वेशन है। ट्रेन बुधवार दोपहर 1 बजे नागदा स्टेशन पहुंचेगी। तुम मुझे उज्जैन से कार लेकर आ जाना। बुधवार को मैं तय कार्यक्रम अनुसार उन्हें नागदा स्टेशन लेने के लिए निकलने ही वाला था और उसी दौरान कुवैत स्थित भारतीय दुतावास ने मुझे फोन कर उनकी मौत की सूचना दी। अनस के अनुसार उन्हें सूचना में बताया गया कि जिस दौरान मंजूर अहमद कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लाईन में लगे थे उसी दौरान वे मिसाईल हमले की चपैट में आ गए और उनकी मौत हो गई।

### दो-तीन साल में 3 माह के लिए आते थे

अनस बताता है कि उसकी समझदारी के दौरान उसके पिता हर दो तीन साल में एक बार तीन माह के लिए मिलने वाले अवकाश के दरमियान ही उज्जैन आते थे। पिछली बार वे अक्टूबर 2025 में ही कुवैत गए थे। यहां तक की 2020 में वे पिता की कोरोना काल में मौत के दरमियान भी उज्जैन नहीं आ सके थे। उसके बाद सीधे 2022 में आए थे और छोटी बेटी सना परवीन का निकाह किया था। वर्तमान में वे रतलाम निवासी बहन अंजुम बी के पुत्र शाहनवाज की 8 जून को आयोजित शादी में शामिल होने के लिए कुछ दिनों के लिए आ रहे थे। शादी के मसले पर परिजनों का स्पष्ट मत था कि अब एक साधारण निकाह होगा और आमंत्रण के आधार पर आने वाले रिश्तेदारों के लिए सामान्य आयोजन किया जाना है। बहनें और जीजा भी उनके अंतिम दर्शन के लिए उज्जैन स्थित निवास पर पहुंच चुके हैं।

---

एक आरोपी की थी पाटीदार की पत्नी से दोस्ती, पुलिस को चकमा देने महीनों बंद रखा मोबाइल

# चार हत्याओं का आरोपी निकला नवीन पाटीदार हत्याकांड का मास्टरमाइंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के राऊ के चर्चित नवीन पाटीदार हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया राहुल मराठा कोई सामान्य आरोपी नहीं, बल्कि चार हत्याओं में शामिल रह चुका शातिर बदमाश है। पुलिस के अनुसार राहुल को अपराध जगत में डॉन के नाम से जाना जाता था और वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। आखिरकार राऊ पुलिस ने गुरुवार उसे मुंबई से गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, 12 अप्रैल को नवीन पाटीदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुरूआती जांच में मामला हादसा प्रतीत हो रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि मृतक और आरोपियों के बीच लंबे समय से विवाद और दुश्मनी चली आ रही थी।



पुलिस ने इस मामले में राहुल मराठा, उसके साथी शुभम और उज्जैन निवासी राजू खटीक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में राहुल ने खुलासा किया कि राजू खटीक ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए नवीन पाटीदार की हत्या की सुपारी दी थी। इसके लिए 15 लाख रुपए तय हुए थे, जिनमें से 5 लाख रुपए राहुल को दिए जा चुके थे।

**देवास से बुलाए थे शूटर-** पुलिस के मुताबिक राहुल ने मुकेश मकवाना को एक लाख रुपए दिए थे। इसके बाद मुकेश ने देवास से अजय और श्रीराम नामक शूटरों को बुलाकर हत्या की साजिश को अंजाम दिलाया। मुकेश की गिरफ्तारी के बाद ही नवीन पाटीदार की पत्नी भारती और राहुल मराठा के बीच संबंधों की जानकारी भी सामने आई थी।

**हत्या के बाद मुंबई और नागपुर में छिपा-** नवीन पाटीदार की हत्या के बाद राहुल अपने साथी शुभम के साथ मुंबई भाग गया था। वहां वह रिश्तेदारों के यहां छिपकर रह रहा था। उसके पास सुपारी की रकम में से बचे करीब 4 लाख रुपए थे, जिनसे वह फरारी के दौरान खर्च चला रहा था। कुछ समय उसने नागपुर में अपनी बहन के यहां भी बिताया।

### मोबाइल बंद कर पुलिस को देता रहा चकमा

राहुल की तलाश में जुटी पुलिस को सबसे बड़ी चुनौती उसकी लोकेशन ट्रेस करना थी। उसने अपना मोबाइल बंद कर रखा था और परिवार के लोग भी उससे फोन पर संपर्क नहीं कर रहे थे। इसी वजह से उसके साथी सोशल मीडिया पर यह तक लिख रहे थे कि रडॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। तकनीकी निगरानी से कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस ने स्थानीय स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच में पता चला कि राहुल के रिश्तेदार मुंबई और नागपुर में रहते हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों शहरों में डेरा डाल दिया और स्थानीय मुखबिरों की मदद से राहुल और शुभम को पकड़ लिया।

---

# द्वारकापुरी मे देर रात दूसरी हत्या

## पहले पारिवारिक विवाद में जानलेवा हमला दूसरे में देर रात दोस्तों ने उतार मौत के घाट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में गुरुवार शाम एक युवक की चाकू लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक ई-रिक्शा चलाने के साथ मजदूरी का काम करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही दूसरी हत्या देर रात श्रीराम नगर मैदान के यहां हुई। बताया जाता है कि आपसी विवाद मे दोस्तो ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक पहले मामले मे मृतक का नाम हरीश (31) पुत्र नंदू कदम निवासी नार्थ मोहल्ला है। गुरुवार को परिवार के सदस्यों के बीच विवाद हुआ था, जिसके दौरान हरीश को चाकू लगा। इसके बाद उसकी पत्नी शीतल अपने तीन बच्चों को लेकर थाने पहुंची और देवर पऊ, कल्ली और सास पुष्पा पर आरोप लगाए। बाद में हरीश को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस शीतल के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**पत्नी ने किया था फोन-** स्थानीय लोगों के अनुसार, हरीश काम पर गया हुआ था। दोपहर में उसकी पत्नी ने उसे फोन कर बताया कि घर में विवाद हो रहा है। इसके बाद वह घर पहुंचा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद के दौरान उसे चाकू लगा। हालांकि, घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी वास्तविक जानकारी जुटाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

---

# इंदौर बनेगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश 6 जूनको भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन व्यापार एवं निवेश फोरम 2026 की मेजबानी करेगा। इंदौर के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय फोरम में लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन क्षेत्र के 15 देशों के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि, निवेशक, उद्योगपति और व्यापार विशेषज्ञ शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

यह आयोजन ग्लोबल इंडिया बिजनेस फोरम द्वारा मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से किया जा रहा है। फोरम का उद्देश्य भारत और लैटिन अमेरिका-कैरेबियन देशों के बीच व्यापारिक एवं निवेश संबंधों को मजबूत करना तथा मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

**15 देशों के राजदूत और निवेशक जुटेंगे-** फोरम में 15 देशों के राजदूत, एक उच्चायुक्त और एक महावाणिज्यदूत सहित वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इनके अलावा निवेशक, निर्यातक, व्यापार आयुक्त, एमएसएमई प्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रमुख और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में 350 से अधिक प्रतिनिधियों और चार प्रमुख वाणिज्य एवं उद्योग मंडलों की सहभागिता रहेगी।

**निर्यात बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने पर रहेगा फोकस-** मध्यप्रदेश से वर्ष 2025-26 में लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन देशों को लगभग 4,186 करोड़ का निर्यात हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.6%अधिक है। राज्य के निर्यात में फार्मास्युटिकल्स क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है। ब्राजील, मैक्सिको और चिली मध्यप्रदेश के प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों में शामिल हैं।

---

इंदौर में हाईड्रेंट और ओवरहेड टैंक पर लगेंगे सीसीटीवी

# अवैध टैंकरों के भरने पर लगेगी रोक, बनेगा सिस्टम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में ओवरहेड टैंक और हाईड्रेंट अब सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा। इसके लिए नगर निगम ने तैयारी कर ली है। इससे मुख्य रूप से अवैध रूप से टैंकर भरने पर रोक लगेगी और जनता को सीधे निशुल्क पानी मिल सकेगा।

दरअसल, शहर में जल संकट के बीच भी हाईड्रेंट से अवैध रूप से पानी के टैंकर भरे जा रहे थे, इसकी शिकायत भी निगम तक पहुंच रही थी। जानकारी मिलने पर निगम द्वारा कई टैंकर को पकड़ा भी गया और संबंधित एजेंसी पर पेनाल्टी भी लगाई गई। अब अवैध रूप से टैंकर ना भर सके इसके लिए नगर निगम ठोस कदम उठा रहा है। जनकार्य प्रभारी व एमआईसी मेंबर अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि शहर में जितने हाईड्रेंट और ओवरहेड टैंक है उन सभी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये सभी टैंक और हाईड्रेंट सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगे। सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद इसकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगने से जो लगातार शिकायतें मिल रही थी कि अवैध रूप से टैंकर भरा रहे है, उनकी जानकारी मिल सकेगी और उस पर रोक लगाई जाएगी, ताकि जनता तक सीधे निःशुल्क पानी मिल सके। उन्होंने बताया सभी 160 टंकियों पर ये सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पर नजर रखने के लिए जो मूसाखेड़ी में नर्मदा का स्कॉडा बना है, वहीं से ही इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी।



---

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर चलाया जा रहा अभियान

# अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों होटलों व बिल्डिगों पर होगी सीलिंग की कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की होटलों और व्यावसायिक बिल्डिगों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं और बेसमेंट के स्वीकृत उपयोग की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जनसुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर ये अभियान चलाया जा रहा है।

अपर आयुक्त प्रखर सिंह और आशीष पाठक ने बताया कि टीम ने बिल्डिगों में स्थापित अग्नि सुरक्षा उपकरणों और व्यवस्थाओं की डिटेल जांच की। टीम ने फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलॉर्म सिस्टम, हाइड्रेंट सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम, आपातकालीन निकास रास्ता, आपातकालीन लाइट व्यवस्था सहित अन्य जरूरी अग्नि सुरक्षा उपायों का चेक किया। टीम ने श्री गुरुकृपा होटल, होटल वैष्णव पैलेस, होटल दी मीरा, होटल दी क्लीन इंदौर, होटल दिलीप तथा होटल वैष्णव सहित भवनों एवं होटलों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं में गंभीर कमियां पाई गई। साथ ही कुछ बिल्डिगों के बेसमेंट का उपयोग स्वीकृत अनुमति के अनुरूप नहीं पाया गया। इस पर संबंधित भवन संचालकों एवं स्वामियों को नियमानुसार नोटिस जारी कर तीन दिवस का समय दिया गया है और कहा गया है कि निर्धारित समय में सभी कमियों को दूर कर अग्नि सुरक्षा उपकरणों को पूर्ण रूप से कार्यशील एवं उपयोग योग्य बनाया जाए।





### तीन दिन में नहीं सुधारा होगी सीलिंग की कार्रवाई

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया गया है कि तीन दिन पूरा होने के बाद दोबारा निरीक्षण किया जाएगा। यदि संबंधित प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा उपकरण कार्यशील नहीं पाए गए अथवा बेसमेंट का उपयोग स्वीकृत मानकों एवं अनुमति के अनुरूप नहीं मिला, तो संबंधित भवनों के विरुद्ध सीलिंग की कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभी तक सभी जोन क्षेत्रों में कुल 467 भवनों का सर्वे किया गया, जिनमें 305 भवनों में अग्नि सुरक्षा उपकरण लगे पाए गए जिनमें 157 भवनों में उपकरण बंद मिले या अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे हैं। जिन बिल्डिगों में अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे है अथवा उपकरण बंद है उनमें भवन स्वामियों/ संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं अभी तक 101 भवन स्वामियों/ संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। भवन जिनमें अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है अथवा सुरक्षा उपकरण बंद पाए गए ऐसे 32 भवनों को सील करने की कार्रवाई की गई है।

## खबर एक नजर...

### नदियों के संरक्षण की मांग को लेकर 2 जुलाई से आमरण अनशन करेंगे आचार्य सत्यम

**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक आचार्य सत्यम ने नदियों के संरक्षण और पर्यावरण सुधार की मांग को लेकर 2 जुलाई 2026 से आमरण अनशन शुरू करने की घोषणा की है। अपने 76वें जन्मदिन से उज्जैन में शुरू होने वाले इस अनशन के माध्यम से वे नागदा में ग्रीन बेल्ट बनाने और प्रदेश की प्रमुख नदियों को संरक्षण योजना में शामिल करने की मांग करेंगे। आचार्य सत्यम ने नागरिकों से मातृभूमि को सुजलाम-सुफलाम बनाने और पर्यावरण रक्षा की अपील की है। उन्होंने कहा कि बढ़ते कार्बन और तापमान से प्राणी मात्र की रक्षा करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। सिंहस्थ 2028 से पूर्व शिप्रा का श्रृंगार करने के लिए मंडल अभिभाषक संघ उज्जैन और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से नदी किनारे पौराणिक और पर्याप्त विकसित पौधे रोपे जाएंगे। इसके तहत पूर्वजों की याद में 'स्मृति वन', मांगलिक स्मृतियों के लिए 'मांगलिक वन' और जन्मदिवस पर पौधरोपण के लिए 'चिरंजीवी उपवन' विकसित करने का संकल्प उज्जैनवासियों को लेना चाहिए। आचार्य सत्यम ने मांग की है कि नागदा नगर में सर्वाधिक जल और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पीएम केयर्स फंड से तत्काल 100 करोड़ रुपए स्वीकृत कर ग्रीन बेल्ट बनाया जाए। इसके अलावा मनरेगा के तहत शिप्रा, चंबल, खान, गंभीर सहित प्रदेश की सभी नदियों का संरक्षण राष्ट्रीय नदी बचाओ योजना के अंतर्गत करने के लिए सरकारों को मजबूर किया जाए। इन्हीं मांगों को लेकर वे आगामी 2 जुलाई से आमरण अनशन की शुरूआत करेंगे।

### चारभुजा नाथ मंदिर में मनाया यमुना जी का चुनरी महोत्सव

**उज्जैन।** गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन आकर्षक झांकी सजाई जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में मंदिर में यमुना जी का चुनरी महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। उत्सव मनोरथी अरुण कुमार कन्हैयालाल भूतड़ा थे। पंडित बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके पश्चात मनोरथी परिवार द्वारा आरती की गई। आरती में लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, कैलाश नारायण राठी, दिनेश चंद्र डाढ़, नृसिंह देवपुरा, अशोक परवाल, प्रकाश तोतला, भूपेंद्र भूतड़ा, सचिन बसेर, कोमल भूतड़ा, मनसुखलाल झंवर, लोकेंद्र काबरा, ओमप्रकाश मूंदड़ा, कल्पेश गट्टानी, सुनील कुमार बांगड़, अर्पण इनानी, मनोज बियाणी, अतुल देवपुरा, प्रकाश काबरा, कैलाश चंद्र गगरानी, अर्जुन समदानी, प्रदीप आगीवाल, रेखा बियाणी, प्रतिभा मूंदड़ा, छाया मूंदड़ा और पूर्णिमा परवाल ने भी सहभागिता की।


### आज मनेगा पर्यावरण पर्व, 'प्रकृति है तो जीवन है' विषय पर होगी परिचर्चा

**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा 'पर्यावरण पर्व झ प्रकृति है तो जीवन है' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। कालिदास अकादमी में सुबह 10.30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में पर्यावरणविदों व साहित्यकारों द्वारा प्रकृति संरक्षण पर विचार साझा किए जाएंगे। प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने बताया कि यह आयोजन साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद और मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेश सिंह कुशवाह करेंगे। मुख्य अतिथि कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वृक्ष मित्र परिवार के अध्यक्ष अजय भातखंडे, पुरातत्वविद डॉ. रमण सोलंकी और पर्यावरण समिति उज्जैन की सचिव व वरिष्ठ पर्यावरणविद डॉ. प्रतिमा जोशी उपस्थित रहेंगी।

# कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन पर जोर, मिला जीत का मूलमंत्र

### संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस का मंथन शुरू, अनुशासन पर रहा विशेष जोर

### रिसॉर्ट में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आगाज, 275 मंडलम व ब्लॉक अध्यक्ष ले रहे प्रशिक्षण






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को जमीनी और बूथ स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को एक निजी रिसॉर्ट में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत हुई। संगठन सृजन अभियान के इस द्वितीय चरण में जिले के 275 मंडलम और ब्लॉक अध्यक्षों को पार्टी की रीति-नीति और आगामी रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया। यहां मीडिया का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहा और सत्रों के दौरान सभी पदाधिकारियों के मोबाइल फोन बंद करा दिए गए।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला और शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित शिविर के प्रथम दिन की शुरूआत अनिवार्य पंजीयन और वंदे मातरम गान के साथ हुई। इसके बाद 45-45 मिनट के विभिन्न बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, सह प्रभारी एवं सचिव संजय दत्त और प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले ने पदाधिकारियों को संबोधित कर संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने के निर्देश दिए। सत्रों के दौरान विषय विशेषज्ञों ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। सैयद इनायत अली ने संविधान के मूल स्वरूप और अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जबकि अपूर्व भारद्वाज ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के बेहतर उपयोग को लेकर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया। शाम के सत्र में महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक महेश परमार और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन में एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला प्रभारी चंद्र सिंह सोंधिया, शहर प्रभारी अमित शर्मा, महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस, शहर संगठन महामंत्री अजय राठौर, जिला संगठन महामंत्री राजेंद्र व्यास आदि मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियों के लिए रिसॉर्ट में ही रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार की शुरूआत सुबह समीप के ग्रामीण क्षेत्र में श्रमदान से होगी। सभी कार्यकर्ता श्रमदान कर एकजुटता का संदेश देंगे। इसके पश्चात ध्वजारोहण किया जाएगा

## विकास के साथ पर्यावरण संतुलन जरूरी, सेमीकंडक्टर का निस्तारण बन रहा चुनौती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सेमीकंडक्टर के निर्माण में उपयोग होने वाले संसाधन और इसके अनुपयोगी होने के बाद निस्तारण की जटिल प्रक्रिया पर्यावरण को अनदेखे रूप में भारी क्षति पहुंचा रही है। तकनीकी विकास के साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना बेहद आवश्यक है।

यह बात राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के आउटस्टैंडिंग साइंटिस्ट, लेजर ग्रुप के एसोसिएट डायरेक्टर और सेमीकंडक्टर एंड लेजर डिवाइसेज के हेड डॉ. तरुण कुमार शर्मा ने कही। वे सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन ऊर्जा-सेतु व्याख्यान श्रृंखला को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों को सेमीकंडक्टर के निर्माण, उपयोग, उपलब्धता और उसके पर्यावरणीय प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। व्याख्यान के बाद प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति ने पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी विकास के बीच संतुलन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए हमें नवाचार और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करना होगा यह आयोजन विक्रम विश्वविद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन की पहल है। इस पांच दिवसीय पखवाड़े का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और सतत विकास को बढ़ावा देना है।

## अस्मिता जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आगाज, उज्जैन ने जबलपुर को हराया

### महानंदा नगर बास्केटबॉल एरीना में बालिका वर्ग की 25 टीमों के बीच मुकाबला शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान और उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के संयोजन में अस्मिता जूनियर बास्केटबॉल लीग (बालिका वर्ग) का भव्य शुभारंभ हुआ। महानंदा नगर स्थित बास्केटबॉल एरीना में शुरू हुई इस प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 25 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर खेले गए मुकाबले में उज्जैन कॉरपोरेशन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जबलपुर को 45-0 के एकतरफा अंतर से करारी शिकस्त दी। लीग के अन्य शुरूआती मुकाबलों में उज्जैन जिला, नीमच जिला और भोपाल कॉरपोरेशन की टीमों ने भी अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।




संगठन सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि शुभारंभ समारोह में उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने की। भारतीय बास्केटबॉल महासंघ के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजय वशिष्ठ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत संगठन अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, प्रगति जैन, शैलेंद्र टाइट्स, रविशा लड्ढा, समीक्षा भदौरिया और विनोद पांचाल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इसके पश्चात प्रज्ञा गढ़वाल के नेतृत्व में लोकायन के कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। बास्केटबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी देवयानी गौड़, इशिका मांगरोले और हिमांशी चौहान ने भी अपनी विशेष प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया और अंत में आभार ऋतु शर्मा ने माना।

## राष्ट्रीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में अजय और यावर ने जीते पदक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। स्पर्धा में शहर के अजय आंजना और यावर अली ने अपने-अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं।

उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष गोपाल यादव और सचिव प्रतीक सिंह तोमर ने बताया कि 28 मई से 2 जून तक आर्म रेसलिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में गुजरात आर्म रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा इस राष्ट्रीय स्पर्धा का भव्य आयोजन किया गया था। इसमें सीनियर वर्ग के 110 किलो से अधिक भार वर्ग में उज्जैन के अजय आंजना ने लेफ्ट हैंड में सिल्वर और राइट हैंड में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। वहीं यूथ वर्ग के 110 किलो से अधिक भार वर्ग में यावर अली ने लेफ्ट हैंड में सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें मध्यप्रदेश से कुल 90 खिलाड़ियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शहर के खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ के सदस्य संदीप सिंह कुशवाह, देवेंद्र सिंह कुशवाह, मनीष विश्वकर्मा, पंकज गुप्ता, जितेंद्र सिंह कुशवाह, रवि और आकाश यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### ईश्वर चंद्र दुबे फिर चुने गए परशुराम कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति के अध्यक्ष

## दो-तिहाई बहुमत से हुआ निर्वाचन, आगामी 3 वर्ष रहेगा कार्यकाल, समाज का भवन निर्माण मुख्य प्राथमिकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री परशुराम कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति के अध्यक्ष पद पर पंडित ईश्वर चंद्र दुबे को लगातार दूसरी बार निर्वाचित किया गया है। भरतपुरी स्थित सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान के सभागार में आयोजित साधारण सभा की बैठक में दो-तिहाई से अधिक सदस्यों के बहुमत से यह निर्णय लिया गया। निर्वाचित अध्यक्ष पंडित दुबे का नया कार्यकाल आगामी 3 वर्षों तक प्रभावशील रहेगा।

बैठक में अध्यक्ष पद के लिए पंडित दुबे के नाम का प्रस्ताव भुवनेश मिश्रा, रामजी त्रिपाठी और डॉ. करुणाकर शुक्ला ने रखा। उपस्थित सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव का समर्थन किया। वरिष्ठ सदस्य सतीश दुबे, रविंद्र तिवारी और डॉ. नृपेंद्र मिश्रा ने निर्वाचन के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया। वहीं उमाशंकर पांडे, बृज नारायण दीक्षित, डॉ. एम.पी. चतुर्वेदी, राम मोहन पांडे और श्रीकांत बाजपेई सहित अन्य सदस्यों ने भी प्रस्ताव को अपना समर्थन दिया।

### भवन निर्माण और समाज की एकजुटता का संकल्प

अध्यक्षीय पारी के अपने द्वितीय कार्यकाल की शुरूआत करते हुए पंडित दुबे ने सदस्यों द्वारा पुनः भरोसा जताने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि पिछले तीन वर्षों में समाज ने जो राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है, उसकी गरिमा को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने संकल्प लिया कि समाज की अपनी भूमि पर धर्मशाला और भवन निर्माण कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने समाज को अधिक से अधिक एकजुट करने का भी आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जगदीश शुक्ला के स्वस्तिवाचन के साथ हुआ। संचालन प्रोफेसर अप्रतुल चंद्र शुक्ला ने किया तथा आभार पंडित कृपा शंकर पांडेय ने माना। इस अवसर पर समिति के करीब सौ सदस्य मौजूद थे। प्रमुख रूप से सत्यनारायण तिवारी, परशुराम तिवारी, दिलीप मिश्रा, दिनेश शुक्ला, राजेश तिवारी, महेश तिवारी, रामजी तिवारी, मनोज तिवारी, रोहित पांडे, दीपक मिश्रा, सर्वेश बाजपेई, डॉ. मुकेश शुक्ला, प्रमोद तिवारी, योगेश शुक्ला, अमित मिश्रा, अरुण कुमार पांडे, डॉ. संजीव द्विवेदी, विनोद तिवारी, महेश मिश्रा, बंटू दुबे, राकेश मिश्रा, देवेंद्र पांडेय, महेश चन्द्र त्रिवेदी, सुधीर तिवारी, हिमांशु अग्निहोत्री, कृष्णानंद तिवारी, कैलाश तिवारी, सुरेंद्र मिश्रा, ब्रजेश त्रिपाठी और जितेंद्र दुबे उपस्थित रहे।

महिला सदस्यों में ऊषा तिवारी, शोभा रानी दुबे, कमलेश चतुर्वेदी, रेखा शुक्ला, श्यामा तिवारी, राधा मिश्रा, प्रीति शुक्ला, गीता दुबे, रेनू शुक्ला, मीरा पांडेय, मनीषा शुक्ला और अनामिका तिवारी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

## दिल्ली अग्निकांड के बाद महाकाल नगरी में अवैध होटलों की जांच की मांग

### गौ रक्षा न्यास ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजा पत्र, संकरी गलियों में बिना सुरक्षा मानकों के चल रहे होम स्टे पर कार्रवाई पर जोर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद उज्जैन में भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा का मुद्दा गर्मा गया है। मप्र युवा शिवसेना गौ रक्षा न्यास ने प्रधानमंत्री और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को ईमेल भेजकर महाकाल मंदिर व महाकाल लोक के आसपास संचालित हो रहे होटल, लॉज और होम स्टे की व्यापक जांच कराने की मांग की है।

संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान तथा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजकुमार झांझोट ने पत्र में बताया कि श्री महाकाल लोक बनने के बाद शहर में श्रद्धालुओं की आवक तेजी से बढ़ी है। इसके चलते संकरी गलियों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बिना वैधानिक अनुमति के बड़ी संख्या में होटल एवं होम स्टे खुल गए हैं। इन स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकासी और पार्किंग जैसे सुरक्षा मानकों का घोर उल्लंघन हो रहा है, जिससे भविष्य में किसी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। संगठन ने आरोप लगाया कि ऑटो, ई-रिक्शा चालकों और दलालों के जरिए बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को कमीशन के लालच में ऐसे स्थानों पर ठहराया जा रहा है, जहां मूलभूत सुविधाएं तक मौजूद नहीं हैं। इससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और विश्वभर में उज्जैन की छवि पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

# श्री बांके बिहारी मंदिर में जन्मे श्रीकृष्ण, व्यास पीठ से उठी शिप्रा को शुद्ध करने की मांग

### आधी रात को घूमना निशाचर कर्म, भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन के अंकपात, मंगलनाथ मार्ग स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में इन दिनों अधिकमास के पावन अवसर पर संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा की रसवर्षा हो रही है। गुरुवार को कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया, पूरा पंडाल 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर जमकर फूल बरसाए और झूम उठे। मंदिर के व्यवस्थापक पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि शुक्रवार को मंदिर में भव्य नंदोत्सव मनाया जाएगा।



कथाव्यास धमाचार्य पं. हरिनारायण शास्त्री ने व्यास पीठ से शिप्रा नदी की दुर्दशा पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने गंगा और शिप्रा के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा ₹कलियुग में गंगा नदी पापनाशिनी है, लेकिन जब गंगा पर पापों का बोझ बढ़ जाता है, तो उसे मोक्ष शिप्रा नदी से ही मिलता है। इसी पावन शिप्रा में अमृत की बूंदें छलकी थीं, जिसके कारण यहाँ सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होता है।₹ पं. शास्त्री ने सरकार और प्रशासन से पुरजोर अपील की है कि आगामी सिंहस्थ से पहले शिप्रा नदी को उसके मूल और शुद्ध स्वरूप में लाया जाए। नदी में मिल रहे गंदे नालों का रुख तुरंत दूसरी तरफ मोड़ा जाए, क्योंकि शिप्रा के शुद्ध होने पर ही सिंहस्थ का स्नान सार्थक होगा।

समाज में बढ़ते नाइट कल्चर पर कड़ा प्रहार करते हुए पं. शास्त्री ने कहा कि आजकल आधी रात को घूमने और खाने-पीने का जो ट्रेंड चला है, वह पूरी तरह गलत है। इसके गंभीर परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भुगतने पड़ते हैं। शास्त्रों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि रात का समय निशाचरों (राक्षसों) के लिए होता है। कथा प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि आधी रात को घूमने के कारण ही कंस की माता पर कालनेमि निशाचर की दृष्टि पड़ी थी, जिसके परिणामस्वरूप एक संस्कारी परिवार में कंस जैसी क्रूर संतान ने जन्म लिया। पं. शास्त्री ने विशेषकर महिलाओं को सलाह दी कि वे रात के समय और सुबह 6 बजे से पहले बिना वजह घर से बाहर न निकलें।

## वर्धमान संस्कार शिविर में बच्चों ने जाना मनुष्य जीवन का महत्व, लिया सदाचार का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्धमान बाल युवा संस्कार शिविर के तीसरे दिन बच्चों को भक्ष्य-अभक्ष्य और सदाचार का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही बड़ों को मनुष्य जीवन की दुर्लभता के बारे में बताया गया। शिविर की शिक्षाओं से प्रेरित होकर कई बच्चों ने अभक्ष्य भक्षण व रात्रि भोजन त्यागने, पानी छानकर पीने और प्रतिदिन देव दर्शन करने का नियम लिया है।

पंडित प्रकाश छाबड़ा ने लेवल-6 'छहढाला' की कक्षा में मनुष्य जन्म की दुर्लभता समझाते हुए कहा कि 84 लाख योनियों में परिभ्रमण के बाद अत्यंत दुर्लभता से यह जीवन मिलता है। अनेक सद्विचारों और अच्छी भावनाओं के फलस्वरूप मिले इस मनुष्य भव को हमें अच्छे कार्यों से सार्थक बनाना चाहिए। धर्म के बिना मनुष्य तिर्यंच (पशु) के समान है। मनुष्य के पास सोचने-विचारने की शक्ति है, यदि वह अपनी बुद्धि सही दिशा में लगाता है, तभी जीवन की सार्थकता है।

वर्धमान ग्रुप की संरक्षक और शिविर आमंत्रणकर्ता स्नेहलता सोगानी एवं हितेश जैन ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों को भगवान महावीर के मूलभूत सिद्धांत 'जियो और जीने दो' को चरितार्थ करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा दी जाएगी। इसी कड़ी में ऋषिनगर स्थित कालिदास मांटेसरी स्कूल में सुबह 8 बजे बच्चों द्वारा वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा।

शिविर में शामिल हुए बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए। मास्टर भाषित बाकलीवाल ने बताया कि जैन धर्म की पढ़ाई के साथ भक्ष्य-अभक्ष्य के बारे में जानकर बहुत अच्छा लगा और सदाचार से जीवन जीने की शिक्षा मिली। वहीं, कुमारी अदिति जैन ने कहा कि स्मार्ट क्लास और प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक शैली में कठिन विषयों को समझना बेहद सरल हो गया है। कुमारी भाव्या जैन ने शिविर की निःशुल्क और उत्तम व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां आने-जाने, स्वल्पाहार से लेकर कॉपी-किताब व पेन-पेंसिल तक की व्यवस्था बहुत अच्छी है। मास्टर हर्षित राणा ने बताया कि उन्होंने शिविर में ही भगवान का अभिषेक और पूजन करना सीखा है; सामूहिक पूजन के दौरान पंडित जी द्वारा पूछे गए सवालों के सही जवाब देने पर मिलने वाले पुरस्कारों से उनका उत्साह काफी बढ़ा है। इसी तरह मास्टर आर्जव सेठी का कहना था कि गर्मी की छुट्टियों में भी वे सुबह जल्दी उठकर आ रहे हैं; उन्हें यहां बिल्कुल स्कूल जैसा माहौल लग रहा है, बस शिक्षक बदल गए हैं और बहुत कुछ नया सीखने को मिल रहा है।

# लगातार मूल्य वृद्धि से कांग्रेसजनों ने भाजपा को घेरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ़



किसानों को खाद के लिए ई टोकन व्यवस्था एवं केंद्र की मोदी सरकार द्वारा डीजल पेट्रोल के मूल्यों में कीगई बेहताशा वृद्धि के खिलाफ गुरुवार को विधानसभा युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल अहीर,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,बाबुखा मेवाती की उपस्थिति में कांग्रेसजनों एवं किसानों ने बसस्टैंड पर भाजपा की केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश सरकार के खिलाफ चिलचिलाती धूप में 2 घन्टे तक जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम का एक ज्ञापन नायब तहसीलदार पंकज जाट को सोपा।

ज्ञापन का वाचन करते हुवे जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती ने कहा कि वर्तमान में किसानों के खाद की जो व्यवस्था ई टोकन के माध्यम से की गई है व पूर्णतः किसान विरोधी नीति है ऐसा लगता है सरकार खाद नही अफीम के पट्टे दे रहीं हो।

खाद के लिए ई टोकन की वही स्थिति निर्मित होगी जैसे गेंहू,चना,रायड़ा समर्थन मूल्य पर खरीदी की हुई थी।और ई टोकन खाद व्यवस्था में किसानों पर 150 से 200 रुपये का आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा।हमारी सरकार से मांग है कि नारायणगढ़ सहित ऐसे प्रमुख नगर एवं कस्बो में नगद खाद वितरण केंद्र स्थापित किये जाय साथ ही किसानों को सभी प्रकार के खाद समय पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाय।क्योंकि पहले ही किसानों को लागत मूल्य नही मिल रहा है और किसी भी उपज के वाजिव दाम नही मिलने से किसान कर्जदार होता जारहा है।

महामहिम केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की डॉ,मोहन सरकार पेट्रोल,डीजल पर लगातार भाव बढ़ा कर लोगो के जेबो पर डाका डालने का काम कर रही है पहले ही महंगाई आसमान छू रही है।डीजल मूल्य वृद्धि से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा वही वाहन चालको को भी डीजल पेट्रोल आर्थिक संकट में डालने का काम करेंगे। सरकार से किसानों के लिए खाद व्यवस्था पर्याप्त एवं सुगम करने के साथ ही डीजल पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमतों को वापस ली जाए।

प्रदर्शकारियों ने प्रदर्शन स्थल पर खाद का कट्टा रखकर एवं मोटरसाइकिल पर सफेद कपड़ा कफन ओढ़ा कर पुष्पांजलि की एवं दो मिनीट का मौन रखकर डीजल पेट्रोल के दामो में मूल्य वृद्धि का विरोध भी किया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री कानूनगो आज खण्डवा आएंगे

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री प्रियंक कानूनगो 5 जून को खण्डवा आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कानूनगो 5 जून को सुबह 11.30 बजे हरदा से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे जिले के ग्राम खालवा जाएंगे तथा दोपहर 3 बजे खालवा से रवाना होकर अपरान्ह 4.30बजे खण्डवा पहुंचेंगे।राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री कानूनगो खण्डवा के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपरान्ह 4.30 बजे आयोजित बैठक में मानवाधिकार से सम्बंधित मामलों की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में पुलिस, जिला पंचायत, नगर पालिक निगम, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जिला उद्योग केन्द्र, जिला शिक्षा अधिकारी, मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा, सहकारिता विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जेल अधीक्षक, आईटीआई, खेलकूद युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## आगामी वर्षाकाल में बाढ़ व अतिवृष्टि से निपटने के लिए प्रशासन ने विभागों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

आगामी मानसून और वषार्काल के दौरान अतिवृष्टि एवं बाढ़ जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए बड़वानी जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी संबंधित विभागों, अनुविभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों को पुख्ता प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को ऐसी बसाहटें जो नदी नालों से प्रभावित होती हैं उनका चिह्नांकरण करना है, अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ राहत कंट्रोल रूम स्थापित करना, नदी नालों की बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों में मांगलिक, सामुदायिक, शासकीय भवन एवं उन भवनों के प्रभारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर सहित पूर्व से चिन्हित कर लिए जाएं। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण के कारण जो नदी-नालो, वर्षा जलों के कारण बाधित होते हैं वे अतिक्रमण तत्काल हटाये जाकर नदी एवं नालो की पूर्ण सफाई की जाए।

सड़कों और आवागमन को सुरक्षित रखने के लिए लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी और पीएमजीएसवाई को जिले के सभी मार्गों पर स्थित पुल-पुलियाओं का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।जलमग्न या खतरनाक पुल-पुलियाओं पर रेलिंग, बैरिकेड्स और चेतावनी बोर्ड लगाने के साथ-साथ सड़कों के गड्ढों का तत्काल संधारण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि बारिश के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो।

वहीं, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को नर्मदा नदी के बैक वाटर और ऊपरी स्तर के बांधों से समय-समय पर छोड़े जाने वाले पानी पर निरंतर नजर बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। लोअर गोई परियोजना

## आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन करें

**बड़वानी ।** शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। सभी 8वीं व 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी पात्रता अनुसार विभिन्न ट्रेडों में अपने नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्प डेस्क या कियोस्क सेंटर पर जाकर डीएसडी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस वर्ष इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में 20 सीटें, फिटर ट्रेड में 20 सीटें, मैकेनिक डीजल ट्रेड में 24 सीटें, कोपा ट्रेड में 48 सीटें, वेल्डर ट्रेड में 20 सीटें व सोलर टेक्निशियन में 20 सीटें हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संस्था के प्राचार्य डी.एस.सापल्या एवं प्रवेश प्रभारी पारस चौहान से संपर्क कर सकते हैं।

## अंतरराज्यीय वाहन और मवेशी चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



जिले के नाहरगढ़ थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान तीन बड़े वाहन, सात मोटरसाइकिलें और मवेशी जब्त करने के साथ ही क्षेत्र में हुई चार नकबजनी और तीन भैंस चोरी की वारदातों का खुलासा किया है।

जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बोलिया फंटा विश्निया-कचनारा आम रोड पर घेराबंदी कर नाकाबंदी कर दी। कुछ ही देर बाद विश्निया की तरफ से आ रही एक संदिग्ध पिकअप को जब पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने भागने की कोशिश की, जिन्हें पुलिस पीछा कर धर दबोचा। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें चोरी की दो भैंसें और एक पाड़ा (बछड़ा) क्रूरतापूर्वक भरे हुए पाए गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने वाहन और मवेशी चोरी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई पिकअप के अलावा एक अन्य महिंद्रा बोलेरो, एक सोनालिका ट्रैक्टर और सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जब्त किए गए इन सभी वाहनों और मवेशियों की कुल अनुमानित कीमत करीब 24 लाख रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही आरोपियों ने पूछताछ में नापाखेड़ा, कयामपुर, विश्निया, बेटीखेड़ी और आसपास के अन्य क्षेत्रों में चार अलग-अलग जगहों पर नकबजनी (मकान के ताले तोड़ना) और तीन अन्य स्थानों से भैंस चोरी करने की वारदातें भी कबूल की हैं।

## पुलिस आमजन के बीचः एसपी ने रुद्राक्ष कॉलोनी पहुंचकर सुनी समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

आमजन एवं पुलिस के मध्य बेहतर संवाद स्थापित करने, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा जन सहभागिता आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा जिलेभर में जनसंवाद अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 3 जून 2026 को थाना स्टेशन रोड क्षेत्रांतर्गत रुद्राक्ष कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र वासियों ने सुरक्षा, यातायात, कॉलोनी क्षेत्र की निगरानी व्यवस्था एवं अन्य स्थानीय विषयों से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा एवं समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है।

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने नागरिकों को रतलाम पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन सुरक्षा कवच अभियान की जानकारी देते हुए अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं कॉलोनियों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी तथा अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। जिले में अनेक गंभीर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के खुलासे में नागरिकों द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## बीती रात किराना दुकान पर चोरो शटर उचकाने का असफल प्रयास किया

टांडा(धार)। थाना क्षेत्र टांडा में मंगलवार- बुधवार की दरमियान रात में बदमाशों ने किराना की दुकान पर चोरी की नीयत से शटर उचकाने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिर्वी गली स्थित किराना व्यवसाई पारस हरण की दुकान पर चोरो ने टामी से शटर उचकाने के कई प्रयास किए इस दौरान शटर की आवाज सुन कर दुकानदार के परिजनों के जागने व शोर मचाने पर बदमाश भाग निकले। पूरी घटना सामने लगी सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना सुबह टांडा थाने पर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुचकर तहकीकात की। वही उक्त दुकानदार की लगभग 1 माह पूर्व मोटरसाइकिल भी चोरी हो गई इसके साथ ही गली नेमीचंद बाफना की भी बाइक चोरी हो गई। शाम 5 बजे नगर के व्यापारियो ने टांडा थाने पर जाकर उक्त घटना को लेकर अवगत करवाया एवं दोपहिया वाहन की चोरी के सम्बंध में एफआईआर करवाई।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा नगर मंडल द्वारा पौधारोपण का आयोजन

**सनावद।** भाजपा नगर मंडल कार्यकारिणी की कामकाजी बैठक गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर हुई जिसमें समस्त पदाधिकारी ने मोदी सरकार के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल की उपलब्धियां व गरीब कल्याण की योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विचार विमर्श किया । 5 जून शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सूत मिल ग्राउंड पर सुबह 9,30 बजे पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । जिसमे क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सचिन बिरला, भाजपा संगठन के जिला पदाधिकारी, सहित शहर के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक में इस दौरान मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, कार्यक्रम प्रभारी मनोज जैन, दीप्ति बंसल, रश्मि ठाकुर, सरोज इंगला, हिमांशु दुबे, राजू मुछाला, श्याम ठाकुर, निलेश मालाकार, अमरदीप खनूजा, ओम वर्मा शहीद नगर मंडल कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।

## रतलाम मंडल ने माल लदान में रचा नया कीर्तिमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल यात्री सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ माल परिवहन के क्षेत्र में भी लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रारंभिक दो महीनों में मंडल ने माल लदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय रेल के प्रमुख मंडलों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मंडल के सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं।



अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, परिचालन उत्कृष्टता तथा ग्राहक सेवा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण रतलाम मंडल माल परिवहन के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है।मई 2026 के दौरान रतलाम मंडल द्वारा कुल 1.91 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 18,29 प्रतिशत अधिक है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम दो माह, अप्रैल एवं मई 2026 में मंडल द्वारा कुल 3.51 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16,56 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दशार्ता है।

## अति.पुलिस महानिदेशक गुप्ता व उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज का नीमच दौरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच



नीमच जिले के दौरे पर उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमीष अग्रवाल 3 जून को एक दिवसीय जिला नीमच के भ्रमण पर नीमच पहुॅचें। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमिष अग्रवाल द्वारा जिला नीमच पहुॅचनें पर 4 जून को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर जिलें के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमीष अग्रवाल का स्वागत किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री राकेश गुप्ता द्वारा बैठक के दौरान सर्वप्रथम सभी पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया जाकर पुलिस अनुभाग एवं पुलिस थानों के संबंध में जानकारी ली गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन राकेश गुप्ता महोदय को जिलें की भौगोलिक परिस्थितियों, कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध मेंजानकारी दी गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के बाद बवाल, शव रखकर हाईवे पर किया चक्काजाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर



जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंडारिया में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद मामला काफी तूल पकड़ा है। मृतक हरीश गायरी के परिजनों ने आरोप लगाया है कि बुधवार रात करीब 20 से 25 लोग बाइकों पर सवार होकर उनके घर पहुंचे, जहाँ उन्होंने महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की और हरीश को एक कमरे में बंद कर उसके साथ गंभीर मारपीट की।

परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने हरीश को जबरन कोई जहरीला पदार्थ भी पिलाया, जिसके बाद गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे उदयपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। चीख-पुकार सुनकर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने भाग रहे आरोपियों में से एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया है।

इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार दोपहर भावगढ़ फंटे पर शव रखकर महू-नीमच फोरलेन स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और सैकड़ों यात्री फंस गए। प्रदर्शनकारी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, उनका जुलूस निकालने और अवैध संपत्तियों को ध्वस्त करने की मांग कर रहे थे।

तनाव की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल, एसडीएम शुभम पाटीदार, ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल सहित भ्पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा करीब ढाई घंटे तक दी गई समझाइश और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी माने और चक्काजाम खोला जा सका। जानकारी अनुसार पुलिस फर्जी आईडी और मारपीट सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## खबर एक नजर...

### एक किलो अवैध अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना नई आबादी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम का परिवहन कर रहे एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी बालकृष्ण उर्फ कान्हा पंवार निवासी ग्राम रिछा बच्चा के कब्जे से एक किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जप्त किया है। थाना नई आबादी में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, और जप्त मोबाइल के तकनीकी व साइबर विश्लेषण के माध्यम से आगे की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### भारतीय शिक्षण मंडल का दो दिवसीय परिचायक वर्ग कल से

मन्दसौर। भारतीय शिक्षण मंडल मालवा प्रांत के तत्वावधान में ६ और ७ जून को मंदसौर के सरस्वती विहार संजीत रोड पर दो दिवसीय आवासीय परिचायक वर्ग का आयोजन होने जा रहा है। इस परिचायक वर्ग में मंदसौर के साथ-साथ रतलाम और नीमच जिले के सदस्य भी सहभागिता करेंगे। इस दो दिवसीय वर्ग के माध्यम से समाज में युवा पीढ़ी को जागरूक करने वाले कार्यकर्ताओं का निर्माण किया जाएगा। जिला संयोजक विक्रमसिंह सिसोदिया ने बताया कि वर्ग संचालन हेतु अ.भा. सह महामंत्री पंकज नफाड़े, क्षेत्रिय संयोजक लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी, मालवा प्रांत प्रांताध्यक्ष माया इंगले, मालवा प्रांतमंत्री मनीष देवनानी, वर्गाधिकारी श्याम सुन्दर देशमुख, मालवा उपाध्यक्ष क्षितिज पुरोहित उपस्थित रहेंगे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा करेगी वृक्षारोपण

नीमच। विश्व पर्यावरण दिवस ५ जून के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा वीनू वाटिका, जवाहर नगर नीमच में 5 जून शुक्रवार को सुबह 8 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।भाजपा जिला नीमच ने सभी कार्यकताओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

### तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

नीमच। शहर के सिटी थानान्तर्गत इंदिरा नगर के भगवानपुरा चौराहा समीप सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर ट्राली बनाने वाले मिस्त्री 56 वर्षीय अतीक कुरैशी की तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से मौत हो गई। जानकारी अनुसार माधवगंज नीमचसिटी निवासी अतीक मोहम्मद पिता शफी मोहम्मद कुरैशी उम्र 56 वर्ष मंगलवार शाम भगवानपुरा चौराहे के यहां अपनी ट्राली वर्क्स की दुकान बंद कर घर जाने के लिये खाना हो रवाना हो रहा था द्य तभी तेज रफ्तार बुलेट ने उसे टक्कर मार कर गंभीर घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद बुलेट चालक बगैर रूके बुलेट सहित फरार हो गया। आस पास वालों ने गंभीर रूप से घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी दुखद मौत हो गई द्य पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### एसडीएम पराग जैन ने ज्ञानोदय हॉस्पिटल में परखी फायर सेफ्टी

नीमच।अस्पतालों में फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम नीमच श्री पराग जैन एवं तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने गुरुवार को नीमच स्थित ज्ञानोदय हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया।

### प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से कुं.शक्तावत ने की मुलाकात

पिपलिया मंडी। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी हाल मुकाम रमा हवेली एवं मुंदेड़ी हाउस पिपलिया मंडी मध्य प्रदेश ने राजस्थान बाड़मेर के बायतु विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी आदरणीय हरीश जी चौधरी से मंदसौर में मुलाकात की लगभग एक घंटे चली मुलाकात में कुंवर शक्तावत ने नीमच मंदसौर जावरा संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थिति से हरिश चौधरी को वाकिफ करवाते हुए कहा कि यदि संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में विजय हासिल करना है तो सभी कार्यकताओं में समन्वय स्थापित करना पड़ेगा और जो कार्यकर्ता पार्टी के प्रति रुचि नहीं रख रहे हैं उन्हें पार्टी की रीति और नीति से पुनः जोड़ने के लिए प्रयत्न करना पड़ेगा,पुराने कार्यकर्ता जो निष्क्रिय होकर पार्टी से दूरी बना चुके हैं उन्हें पुनः पार्टी से जोड़ने हेतु प्रयत्न करना पड़ेगा।

# मंत्री सिलावट ने प्रभावित फसलों का अवलोकन किया

## संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार हर किसान के साथ खड़ी है

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर



4 जून प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों की पीड़ा समझने और राहत कार्यों की जमीनी स्थिति देखने जिले के प्रवास पर आए प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट गुरुवार को ग्राम खामनी और टेम्भी पहुंचे। उन्होंने प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर फसल नुकसान का अवलोकन किया और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों के बीच बैठकर सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के दुख-दर्द में सहभागी है और संकट के इस दौर में किसी भी प्रभावित किसान को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित प्रत्येक पात्र अन्नदाता को नियमानुसार राहत और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

ग्राम टेम्भी में कृषक मधुकर पिता विश्वनाथ के खेत में केला फसल को हुए नुकसान का अवलोकन करते हुए सिलावट ने कहा कि बुरहानपुर जिला केला उत्पादन के लिए प्रदेश और देश में विशेष पहचान रखता है और च्एक जिला-एक उत्पादज्ज योजना के तहत केला जिले की प्रमुख फसल है। ऐसे में किसानों को हुए नुकसान के आंकलन और राहत वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

ग्राम खामनी और दरियापुर में आयोजित किसान चौपाल में सिलावट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल क्षति का सर्वे किसानों की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। तहसीलदारों, पटवारियों और सर्वे दलों को खेतों तक पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आंकलन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सर्वे में उदासीनता या लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।

सिलावट ने कलेक्टर हर्ष सिंह को आरबीसी 6-4 के तहत नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत वितरण समयबद्ध, पारदर्शी और पात्रता आधारित हो, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र लाभ मिले। जानकारी के अनुसार गत दिनों आई प्राकृतिक आपदा से जिले के करीब 169 गांवों के 4 हजार से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं। प्रभावित क्षेत्र का अनुमानित रकबा 5473.38 हेक्टेयर है।

सिलावट ने किसानों से कहा कि वे किसी प्रकार की चिंता न करें। प्रदेश सरकार हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी किसान को सर्वे या राहत संबंधी समस्या आए तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जिले में हुई फसल क्षति के संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि किसानों को अधिकतम राहत मिले।

किसान संवाद के दौरान विधायक अर्चना चिटनिस ने सुझाव दिया कि सर्वे रिपोर्ट संबंधित ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए, ताकि किसान अवगत हो सकें। यदि किसी को आपत्ति हो तो निष्पक्ष जांच कर अंतिम सूची फिर सार्वजनिक की जाए। नेपानगर विधायक मंजू दादू नेपानगर क्षेत्र की फसल क्षति की जानकारी सिलावट को दी।

बुरहानपुर प्रवास के दौरान सिलावट ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट मिनी बस का उपयोग कर आमजन से जुड़ाव और सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया। निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी और अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## 14 को किया जाएगा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की तैयारियों के तहत मंत्रालय आयुष, भारत सरकार आगामी 14 जून को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का ऐतिहासिक प्रयास कर रहा है। यह सबसे बड़ा ऑनलाइन योग सत्र का रिकॉर्ड होगा, जिसमें देश-विदेश के लाखों योग प्रेमी एक साथ भाग लेंगे। इस सत्र का समय सुबह 6.15 बजे से 7,35 बजे तक निर्धारित है।

इसका मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से विश्व को एकजुट करना, स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है। इस विश्व रिकॉर्ड प्रयास से योग को जन-जन तक पहुंचाने और आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों के समाधान के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं। मिस्ड कॉल देने के बाद पर सत्र का लिंक भेजा जाएगा। कोई भी व्यक्ति, संस्थान या योग संस्था इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकता है। मंत्रालय आयुष के संयुक्त सचिव श्रीमती मोनालिसा दास ने सभी नागरिकों, योग संस्थाओं, शिक्षा संस्थानों, कॉर्पोरेट्स और से अपील की है कि वे बड़े पैमाने पर भाग लेकर इस विश्व रिकॉर्ड को सफल बनाएं।यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'योग फॉर वन एंड ऑल' के विजन को आगे बढ़ाते हुए विश्व स्तर पर योग की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## कलेक्टर कार्यालय के दूरभाष से संचालित होगी आपात व्यवस्था

खरगोन। सचिव, गृह एवं समन्वयक, मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल तथा राहत आयुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में जिले में आपदा प्रबंधन की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किया गया है। प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय खरगोन के दूरभाष क्रमांक 97282-233601 को संयुक्त कलेक्टर कार्यालय खरगोन के सेकण्ड फ्लोर स्थित कमरा क्रमांक 208 में स्थानांतरित कर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम किसी भी आपदा अथवा आपात स्थिति में त्वरित समन्वय, सूचना संप्रेषण एवं निगरानी के उद्देश्य से 24,.7 निरंतर संचालित रहेगा। कंट्रोल रूम के प्रभावी संचालन के लिए श्री दीपक रावत, लोक सेवा प्रबंधक, जिला खरगोन (मोबाइल 7477217098) एवं श्री सुन्दरलाल ठाकुर, तहसीलदार, संसाधन भू-प्रबंधन, खरगोन (मोबाइल 81209-80813) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारी कंट्रोल रूम से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी रहेंगे। नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा शासन स्तर एवं जिला स्तर से आपदा प्रबंधन संबंधी प्राप्त सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों को वरिष्ठ अधिकारियों, जिला अधिकारियों तथा मैदानी स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तक समय पर पहुंचाया जाएगा।



## सीतामऊ रोजगार मेले में 149 युवाओं का प्राथमिक चयन

**मन्दसौर।** जिले में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई सीतामऊ में एक भव्य रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मंदसौर के संयुक्त समन्वय से आयोजित इस मेले का शुभारंभ सुवासरा विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने के लिए प्रेरित किया। मेले में कुल 220 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें से उपस्थित सात निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 149 आवेदकों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपनी स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए, साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के हितग्राहियों को 15 लाख रुपये के चेक भी वितरित किए गए।

# अदिति जांगलवा को 10 मेडल के साथ मिली डिग्री

ब्रह्मास्त्र ›› आलोट

नगर की होनहार बेटी अदिति जांगलवा ने चिकित्सा क्षेत्र में आलोट का नाम रोशन कर दिया है। अदिति को भोपाल के प्रतिष्ठित 'पीपुल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च सेंटर' से बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (क्क्चष्ठस्) की डिग्री के साथ 10 मेडल से नवाजा गया है।

भोपाल में आयोजित दीक्षांत समारोह में अदिति को यह उपाधि भारत सरकार के नेशनल डेंटल कमीशन के सचिव अरविंदम मोड़क के हाथों प्रदान की गई।



अदिति ने 4 वर्षीय बीडीएस पाठ्यक्रम में अपनी कड़ी मेहनत और एकाग्रता से न सिर्फ टॉप किया, बल्कि जनरल सर्जरी, ओरल सर्जरी, प्रोस्थोडॉन्टिक्स, ऑर्थोडॉन्टिक्स, पेरियोडॉन्टिक्स और पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री जैसे जटिल विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल की। इन्हीं विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें कुल 10 मेडल प्रदान किए गए।

अदिति की इस स्वर्णिम सफलता पर उनके परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है। नगर के गणमान्य नागरिकों ने कहा कि अदिति की उपलब्धि आलोट के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए मिसाल है। इससे साबित होता है कि छोटे कस्बों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा सकती हैं। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया है। भविष्य में वह ओरल सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल करना चाहती हैं।

## मेरा युवा भारत के बैनर तले साइकिल रैली से दिया सेहत का संदेश




**मन्दसौर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत मंदसौर एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिले में बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत एक विशाल साइकिल रैली से हुई, जिसमें स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, यातायात नियमों के पालन और फिट इंडिया मूवमेंट के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी मुस्कान जैन ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल चलाना हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए बेहद गुणकारी है, और ईंधन की बचत के लिए हमें इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## उपायुक्त की कार्रवाई, बंद पड़ी सहकारी सोसायटियों के पंजीयन होंगे निरस्त

**मंदसौर।** जिले में सहकारिता विभाग द्वारा बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए कई वर्षों से बंद और परिसमापन के अधीन चल रही सहकारी समितियों का अस्तित्व समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला सहकारिता उप आयुक्त परमानंद गोडरिया ने बताया कि इन सोसायटियों के पंजीयन निरस्त कर उन्हें सहकारिता पटल से पूरी तरह हटा दिया जाएगा। इस कार्रवाई के दायरे में जिले की विभिन्न दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां, साख संस्थाएं, बीज उत्पादक समितियां, मत्स्य उद्योग समितियां और अन्य व्यावसायिक संस्थाएं शामिल हैं। सहकारिता उपायुक्त द्वारा इन संस्थाओं के कर्ता-धताओं और सदस्यों को सूचित किया गया है कि यदि किसी को इस कार्रवाई के संबंध में कोई आपत्ति या पक्ष रखना हो, तो वे एक सप्ताह के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकते हैं। विभाग ने इन सभी निष्क्रिय संस्थाओं को समाप्त करने के लिए इसी माह यानी जून 2026 की समय सीमा तय की है और पंजीयन निरस्त करने का यह कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

## हम विषय के नही, भैया/बहिनों के आचार्य बनें -श्री शर्मा

**पिपलियामंडी।** विद्या भारती मालवा प्रांत मंदसौर विभाग की योजनानुसार नवीन आचार्य विकास वर्ग के तृतीय दिवस के संवाद सत्र में सुंदरलाल शर्मा (सह प्रांत प्रमुख, विद्या भारती मालवा नगरीय शिक्षा ) का आतिथ्य प्राप्त हुआ। अतिथि परिचय वर्ग संयोजक प्रकाश धाकड़ द्वारा कराया गया। संवाद सत्र मे श्रीमान सुंदरलाल शर्मा( सह प्रान्त प्रमुख ), अशोक कुमठ ( वरिष्ठ समिति सदस्य ), प्रकाश धाकड़ ( वर्ग संयोजक) मंचासीन रहे। अतिथि स्वागत गीत शिक्षार्थी बहिन खुशबू जैन दीदी, अमृत वचन निकिता दीदी एवं संचालन पूर्वा शर्मा, मंदसौर द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रमुख ने जीवन में ज्ञानार्जन की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए गतिविधि के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों से संवाद किया, भारत का गौरवशाली इतिहास है हमारा जन्म हो तो भारत में हो एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की पंक्तियों को स्मरण करते हुए आपने बताया कि हमारा भारत देश जीता जागता राष्ट्र पुरुष हैं ।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, खींच-2

पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | बा | थ | घ | ट | जी |
| णे | खु | कु | प | ई | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | वा | द | ह | प | ल |
| मा | ज | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | ब | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | मो | ज | प | वा | शी | ह | जी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | या | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | डी |
| र | ज | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| वां | स | म | प | व | लि | रा | म | भ | ज | त |

शब्दजाल में निवाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

गणेश मावलनकर, हुकूम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रवी राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!

000000000

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो घर की सभी लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...
कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

000000000

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

000000000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## यूपी-एमपी में आंधी से 500 पेड़ उखड़े:

# हरियाणा में क्रेन पलटी, 3 मौतें; राजस्थान में ओले गिरे, आज 25 राज्यों में बारिश का अलर्ट





ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के 11 राज्यों में गुरुवार को आंधी के साथ बारिश हुई। मध्यप्रदेश के भोपाल में 70 स्त्रँ की रफ्तार से तूफान आया। करीब 80 से ज्यादा पेड़ गिर गए। यूपी के 12 शहरों में बारिश हुई। नोएडा में तेज हवाओं में 400 पेड़ उखड़ गए।

हरियाणा के फरीदाबाद जिले में फ्लाईओवर निर्माण कार्य में लगी क्रेन कंटेनर पर पलट गई। इसमें 3 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं बिहार के भागलपुर में बिजली गिरने से मां-बेटी की मौत हो गई। राजस्थान के जयपुर में दिल्ली से 4 फ्लाइट डायवर्ट करनी पड़ीं। श्रीगंगानगर में ओले गिरे। दिल्ली-एनसीआर में भी खराब मौसम के कारण 11 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा।

मानसून ने गुरुवार को देश में दस्तक दे दी है। इसके साथ ही चार महीने (जून से सितंबर) के बारिश के मौसम की शुरूआत हो गई है, जिससे भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने की उम्मीद है। मानसून केरलम के साथ ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कुछ हिस्सों तक भी पहुंच गया है। अगले तीन से चार दिन में कर्नाटक व तमिलनाडु के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ने के साथ ही इसके गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों तक पहुंचने के लिए भी अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। मानसून आमतौर पर 1 जून को केरलम पहुंचता है। इसके बाद करीब डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। मानसून की वापसी आमतौर पर 17 सितंबर के आसपास राजस्थान से शुरू होती है और 15 अक्टूबर तक पूरी हो जाती है।

## कांग्रेस ने मध्यप्रदेश से मीनाक्षी को बनाया राज्यसभा कैंडिडेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्यसभा चुनाव 2026 के लिए 11 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। इनमें गुजरात से 4, मध्य प्रदेश और राजस्थान से 2-2, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर से 1-1 जबकि ओडिशा राज्यसभा उपचुनाव के लिए एक उम्मीदवार शामिल है। मध्य प्रदेश की दो राज्यसभा सीटों के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग और प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि 12 राज्यों की 26 सीटों पर 18 जून को मतदान होगा। उसी दिन रिजल्ट आने की बड़ी संभावना है।

वहीं इंडियन नेशनल कांग्रेस ने भी 5 राज्यों की 7 राज्यसभा सीटों पर कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने टढ में मंदसौर लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन को मैदान में उतारा है। मीनाक्षी को राहुल गांधी का करीबी माना जाता है।

राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की सीट आगामी 21 जून को खाली हो रही है। उन्होंने तीसरी बार राज्यसभा जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद से ही एमपी में कांग्रेस के नेताओं ने राज्यसभा के लिए लॉबिंग शुरू कर दी थी। हालांकि पहले से चर्चा थी कि राहुल गांधी की पसंद पर सहमति बनी तो मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा भेजा जाएगा। भाजपा प्रत्याशी रजनीश अग्रवाल 6 जून को नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा प्रत्याशी तरुण चुग भी 6 जून को नामांकन भरेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन 8 जून को नामांकन दाखिल करेंगी। राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए 58 विधायकों के वोटों की जरूरत है। दतिया सीट रिक्त होने, विजयपुर विधायक के मतदान से बाहर रहने और निर्मला सप्रे के दलबदल के बाद भी कांग्रेस के पास 62 विधायक हैं। वहीं, बीजेपी के पास वर्तमान में 164 विधायक हैं।

## पुतिन बोले- अमेरिका का मोदी पर दबाव डालना बेकार

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अमेरिका भारत पर रूस के साथ उसके रिश्ते सहित कई मुद्दों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोशिशें बेकार हैं। भारत इसका विरोध करेगा। पुतिन ने दुनिया की प्रमुख न्यूज एजेंसियों के हेड से बातचीत के दौरान भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की। उन्होंने कहा- भारत एक महान देश और लोकतंत्र है। रूस उसे अपना भरोसेमंद पार्टनर मानता है।

रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा- भारत अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देता है। अमेरिका से उसके बढ़ते संबंधों से भारत-रूस की पार्टनरशिप पर कोई असर नहीं पड़ेगा। रूस के साथ उसके रिश्ते पहले की तरह मजबूत रहेंगे। पुतिन ने कहा- हमें खुशी है कि भारत उन सभी देशों के साथ संबंध बढ़ा रहा है, जिन्हें वह अपने राष्ट्रीय हितों के लिए जरूरी मानता है। पुतिन ने भरोसा जताया कि आने वाले सालों में भारत और रूस के बीच व्यापार 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा- भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और सबसे तेज विकास दर वाले देशों में गिना जाता है। यह उपलब्धि अचानक नहीं मिली, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार की लगातार मेहनत और नीतियों का परिणाम है।

# कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर का यू-टर्न, समर्थकों से दिल्ली एयरपोर्ट नहीं आने की अपील की

**कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने 6 जून को भारत लौटने से पहले अपने पुरानी अपील से यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने 4 जून को रात 10 बजे सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज जारी कर समर्थकों से दिल्ली एयरपोर्ट पर न आने की अपील की है।**

कुछ दिन पहले उन्होंने खुद समर्थकों से एयरपोर्ट पहुंचने का आह्वान किया था। अब उन्होंने कहा है कि उम्मीद से ज्यादा समर्थन मिलने के कारण बड़ी भीड़ जुट सकती है, जिससे आम लोगों और सुरक्षा व्यवस्था को परेशानी हो सकती है।

अभिजीत ने कहा- मैं एयरपोर्ट से पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन जाकर जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की इजाजत लूंगा। आप सब लोग वहीं आइए। एयरपोर्ट पर भीड़ जमा करने की जरूरत नहीं है। हमें जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ना होगा। इससे पहले उन्होंने एक वीडियो मैसेज पर कहा था कि उन्हें भारत पहुंचते ही एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया जा सकता है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 6 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर CJP का प्रदर्शन होने वाला है।

CJP ने 4 जून को दिल्ली में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी के तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं। CJP प्रवक्ता सौरव दास ने उइरए चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए और केवल तबादलों से समस्या का समाधान नहीं होगा।






**अभिजीत दिपके ने 4 जून को रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया पर अपना वीडियो मैसेज जारी किया।**




**CJP फाउंडर अभिजीत दिपके 6 जून को अमेरिका से दिल्ली पहुंचेंगे। इसके बाद वे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति लेने के लिए संसद मार्ग थाने जाएंगे। पार्टी ने देशभर के युवाओं से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।**

पार्टी ने दावा किया कि जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं। उखढ नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन शिक्षा व्यवस्था और राजनीतिक तंत्र को लेकर युवाओं की बढ़ती नाराजगी को दर्शाता है।

## कैसे और क्यों बनी कॉकरोच जनता पार्टी

**कॉकरोच जनता पार्टी एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद सामने आया। उखढ के इंस्टाग्राम पर 2 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इसे अभिजीत दिपके ने बनाया है।**




CJP बनाने वाले अभिजीत दिपके 30 साल के हैं। वे महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है। फिलहाल वे अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में पब्लिक रिलेशन से मास्टर्स कर रहे हैं।

अभिजीत 2020 से 2022 तक केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट रहे हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में वे अअढ के लिए वायरल मीम बेस्ड ऑनलाइन प्रचार सामग्री बनाते थे।

एक इंटरव्यू में अभिजीत ने बताया कि निजी जिंदगी और आर्थिक स्थिरता के लिए उन्होंने अअढ छोड़कर बोस्टन यूनिवर्सिटी में अप्लाई किया था। एडमिशन मिलने पर वे अमेरिका शिफ्ट हो गए। अभिजीत किसान आंदोलन से लेकर महंगाई जैसे मुद्दों पर अकाउंट पर केंद्र सरकार और पीएम पर निशाना साधते रहे हैं।

# टीएमसी नेता भीड़ के डर से बिस्तर के नीचे छिपा:ग्रामीणों से आवास योजना के नाम पर 8 लाख वसूले थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने के बाद कट-मनी के नाम पर सरकारी योजनाओं में रिश्वत के नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं। ताजा मामला कूचबिहार जिले के माथाभांगा का है। यहां तृणमूल कांग्रेस नेता शाहिदुल मियां का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे भीड़ से बचने के लिए अपने कमरे में बिस्तर के नीचे छिपे नजर आ रहे हैं।

आरोप है कि शाहिदुल ने सरकारी आवास योजना में घर दिलाने के नाम पर गांव के लोगों से कमीशन लिए थे। अब ग्रामीण भाजपा सरकार बनने के बाद उनसे अपने पैसे वापस मांग रहे हैं।

बुधवार को बड़ी संख्या में लोग उनके घर पर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने पर शाहिदुल घर के एक कमरे में जाकर बिस्तर के नीचे छिप गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बाहर निकाला और थाने ले गई। ग्रामीणों का आरोप है कि शाहिदुल ने सरकारी आवास योजना के तहत घर दिलाने का वादा करके कई लोगों से 5,000 से 20,000 रुपए तक की रिश्वत ली थी। इस तरह कट-मनी के नाम पर 8 लाख की वसूली की गई। लेकिन किसी को भी आवास का लाभ नहीं मिला। एक स्थानीय निवासी ने कहा, ह्यहम सिर्फ अपना पैसा वापस चाहते हैं। पुलिस ने साहिदुल मियां से पूछताछ शुरू की है। अधिकारियों के अनुसार, जबरन वसूली और धोखाधड़ी के आरोपों की जांच जारी है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने वीडियो शेयर करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में कट मनी के आरोपों के बाद ऐसे



दृश्य सामने आ रहे हैं, जहां नेताओं को लोगों से बचने के लिए छिपना पड़ रहा है।

### कई जगह पैसे लौटाने के वीडियो सामने आए

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल के दिनों में माथाभांगा और अन्य इलाकों में लोगों ने सरकारी योजनाओं के नाम पर लिए गए पैसे वापस मांगने शुरू कर दिए हैं। दक्षिण 24 परगना के नामखाना इलाके में एक ळटउ पंचायत सदस्य ने 45 लोगों को 5-5 हजार रुपए लौटाए थे।

वहीं, टीएमसी की जिला इकाई का कहना है कि पार्टी का ऐसे अवैध वसूली मामलों से कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी ने कहा कि यदि किसी ने व्यक्तिगत स्तर पर पैसे लिए हैं तो उसकी जिम्मेदारी उसी की होगी। राज्य सरकार ने 18 मई को कथित कट-मनी, सरकारी फंड के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए 'इंस्टिट्यूशनल कमीशन' गठित किया है। रिटायर्ड जज विश्वजीत बसु इसकी अध्यक्षता करेंगे। सरकार को उम्मीद है कि आयोग शुरू होने के बाद लोग सीधे शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

# इजराइल बोला- पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भरोसा नहीं:वहां हमास नेता बहुत दौरे कर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में इजराइल के राजदूत रियुवेन अजार ने पाकिस्तान को समस्याग्रस्त देश बताया। उन्होने कहा है कि उस पर क्षेत्रीय विवादों में मध्यस्थ के रूप में आसानी से भरोसा नहीं किया जा सकता।

एक इंटरव्यू में अजार ने कहा कि पाकिस्तान की भूमिका को लेकर उनके मन में सवाल हैं। अगर कोई मध्यस्थ किसी एक पक्ष के ज्यादा करीब हो जाए, तो बातचीत मुश्किल हो सकती है। अजार ने यह भी दावा किया कि पिछले कुछ सालों में हमास नेताओं की पाकिस्तान और बांग्लादेश की यात्राएं बढ़ी हैं। दक्षिण एशियाई देशों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इजराइल जिन सुरक्षा खतरों का सामना कर रहा है, वे कहीं और भी सामने आ सकते है। दूसरे देशों को इससे सीख लेनी चाहिए।

वहीं, ईरान का कहना है कि अगर उसके ऊपर हमला किया जाता है तो वह उसका जवाब जरूर देगा। ईरानी अधिकारियों का मानना है कि अपनी सुरक्षा के लिए ऐसा करना जरूरी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कुवैत और बहरीन भी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते, क्योंकि उन्होंने अमेरिका को अपनी जमीन और सैन्य सुविधाओं का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है।

### कुवैत एयरपोर्ट पर ड्रोन हमला

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन टकराने से जोरदार धमाका हुआ, जिससे टर्मिनल-1 को नुकसान पहुंचा। इस हादसे में 1 भारतीय नागरिक की मौत हो गई और 63 लोग घायल हुए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई गई है।

सीजफायर के बावजूद दक्षिणी लेबनान में तनाव कम नहीं हुआ है। कई इलाकों में ड्रोन और हवाई हमलों की खबरें आई हैं, जिसमें इजराइली सेना और हिजबुल्लाह दोनों की ओर से जवाबी कार्रवाई का दावा किया जा रहा है।

### ईरान की सख्त चेतावनी

ईरान ने साफ कहा है कि अगर उस पर या उसके हितों पर हमला हुआ तो वह कड़ा जवाब देगा। साथ ही कुवैत और बहरीन को चेतावनी दी गई है कि अगर उनकी जमीन का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ हुआ तो उसे नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

### ट्रम्प और अमेरिकी संसद में टकराव

अमेरिकी संसद के निचले सदन ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव पास किया है। मिडिल ईस्ट में तनाव के बावजूद सीजफायर की उम्मीदों के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड करीब 0.69% गिरकर 97.14 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा, जबकि हळक क्रूड 0.65% गिरकर 95.40 डॉलर प्रति बैरल।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 05 जून, 2026

## सुभाषितानि

यावत्स्वस्थो ह्यय देह : तावन्मृत्युश्च दूरत :।
तावदात्महितं कुर्यात् प्रणान्ते किं करिष्यति॥

**भावार्थ** : जब तक शरीर स्वस्थ है, तभी तक मृत्यु भी दूर रहती है। अतः तभी आत्मा का कल्याण कर लेना चाहिए। प्राणों का अन्त हो जाने पर क्या करेगा? केवल पश्चात्ताप ही शेष रहेगा।

दर्शनध्यानसंस्पर्शैर्मत्स्यी कूर्मी च पक्षिणि।
शिशु पालयते नित्यं तथा सज्जनसंगतिः॥

**भावार्थ** : जैसे मछली, मादा, कछुवा और चिड़ियां अपने बच्चों का पालन क्रमशः देखकर, ध्यान देकर तथा स्पर्श से करती हैं, उसी प्रकार सत्यसंगति भी हर स्थिति में मनुष्यों का पालन करती है।

## इदानीं एनटीए इत्यनेन स्वस्य तकनीकीसेवाप्रदाता टीसीएस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

एनटीए इत्यनेन उक्तं यत् अस्य समयसूचीपरिवर्तनस्य पृष्ठतः उद्देश्यं सवेषां अभ्यर्थीनां समानावकाशान् सुनिश्चित्य अस्ति। इदानीं एनटीए इत्यनेन स्वस्य तकनीकीसेवाप्रदाता टीसीएस आयओएन इत्यस्मै अस्य घटनायाः विस्तृतं अन्वेषणं कर्तुं निर्देशः दत्तः अस्ति। एजेन्सी कम्पनीं तान्त्रिकदोषस्य मूलकारणानि चिन्तयित्वा शीघ्रं प्रतिवेदनं दातुं आह। एनटीए इत्यनेन अपि उक्तं यत्, प्रतिवेदनं प्राप्य भविष्ये एताद्दशघटनानां पुनरावृत्तिनिवारणाय आवश्यकानां अतिरिक्तपरिहारानाम् विषये निर्णयः क्रियते। नीट-यूजी राष्ट्रव्यापिषु केन्द्रीयविश्वविद्यालयेषु, राज्यविश्वविद्यालयेषु, अन्येषु उच्चशिक्षासंस्थासु च स्नातकपाठ्यक्रमेषु प्रवेशार्थं आयोजिता प्रमुखपरीक्षा अस्ति फलतः परीक्षायाः समये यत् तान्त्रिकदोषं सम्मुखीकृत्य छात्राणां अभिभावकानां च चिन्ता अधिका अभवत्।

## सम्पादकीयम्

### इदानीं अमेरिकीपक्षतः निरन्तरं संकेताः

वैश्विक-व्यापारस्य कृते प्रमुखः शुभसमाचारः अस्ति। एतत् कदमम् अस्य संकीर्णस्य समुद्रीमार्गस्य परितः गतसार्धमासपर्यन्तं तनावानां निवारणं करिष्यति इति अपेक्षा अस्ति। इदानीं अमेरिकीपक्षतः निरन्तरं संकेताः प्राप्यन्ते यत् कूटनीतिकसम्झौता खलु सम्भवति इति। प्रमुखा बाधा निष्कासिता : होर्मुज जलसन्धिः अमेरिका-ईरानयोः मध्ये स्थगितस्य कारणं यथा महत्त्वपूर्णं तथा तेहरानस्य परमाणुकार्यक्रमः एव उद्धृतः। जलसन्धिस्य विषयः वस्तुतः द्वयोः राष्ट्रयोः प्रथमचक्रस्य वातार्यां असफलतायाः पृष्ठे प्रमुखः योगदानकारकः आसीत्। अपि च, पूर्ववातार्लापः अविश्वासेन परिपूर्णे वातावरणे अभवत्, यस्य मुख्यकारणं लेबनानदेशे इजरायलस्य प्रचलति आक्रमणानां कारणम् आसीत्। इदानीं यदा इजरायल्-लेबनान-देशयोः १० दिवसीय-युद्धविरामस्य सहमतिः अभवत्, तदा इरान्-देशः क्रमेण होर्मुज्-जलसन्धिं पुनः उद्घाटितवान्। अनुकूलवातावरणम्: अन्यः सकारात्मकः विकासः अस्ति यत् सोमवासरात् आरभ्य प्रचलितस्य अमेरिकी-नौसेना-नाकाबन्दी-मध्ये शुक्रवासरे ईरानी-तैल-वाहनेन खाड़ीं सफलतया पारितम्- एताद्दशः प्रथमः उदाहरणः। एते सर्वे विकासाः कूटनीतिकनिपटानं प्राप्तुं महत्त्वपूर्णानि पदानि भवन्ति। ते अग्रे वातार्यां अनुकूलं वातावरणं निमार्तुं साहाय्यं करिष्यन्ति। परन्तु इदानीं द्वयोः पक्षयोः अपि एताद्दशानि कार्याणि कर्तुं अनुमतिः।

**मध्यप्रदेशे : १८.५% पुरुषाः मद्यपानं कुर्वन्ति**

# १८% मधुमेहरोगेण पीडिताः, २२% महिलाः अतिभारयुक्ताः सन्ति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीयपरिवारस्वास्थ्यसर्वक्षण-6 2023-24 इत्यस्य प्रतिवेदने मध्यप्रदेशे स्वास्थ्यसम्बद्धं चिन्ताजनकं चित्रं प्रकाशितम् अस्ति। प्रतिवेदनानुसारं राज्ये मधुमेहः, उच्चरक्तचापः, मोटापाः, तम्बाकू-मद्यस्य सेवनं च इति प्रकरणेषु महती वृद्धिः अभवत सर्वेक्षणेन ज्ञायते यत राज्ये प्रायः पञ्चसु पुरुषेषु एकः मद्यपानं करोति, मधुमेहस्य, स्थूलतायाः च प्रकरणानाम् अपि तीव्रवृद्धिः अभवत्।

प्रतिवेदनानुसारं १५ वर्षाणि अपि च ततः अधिकवयस्कानाम् १८.५ प्रतिशतं पुरुषाः मद्यपानं कुर्वन्ति, यदा तु महिलानां मध्ये एतत् आकङ्कणं १.२ प्रतिशतं वर्तते। तावत् तम्बाकू-उपयोक्तृणां संख्या अपि चिन्तायाः कारणं वर्तते; राज्ये ४७.७ प्रतिशतं पुरुषाः ११.६ प्रतिशतं महिलाः च तम्बाकू-उपयोगं कुर्वन्ति। स्वास्थ्यविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् तम्बाकू-मद्यस्य सेवनस्य वर्धनेन भविष्ये अनेके गम्भीराः रोगाः उत्पद्यन्ते।

मधुमेहरोगस्य प्रकरणेषु अपि उल्लेखनीयवृद्धिः ज्ञाता अस्ति। सर्वेक्षणस्य अनुसारं राज्ये १४.५ प्रतिशतं महिलाः १८.३ प्रतिशतं पुरुषाः च मधुमेहरोगेण प्रभाविताः सन्ति। २०१९ तमे वर्षे एते आँकडाः महिलानां कृते ९.८ प्रतिशतं, पुरुषाणां कृते १२.२ प्रतिशतं च आसन्। एतेन चतुर्वर्षेषु मधुमेहरोगस्य तीव्रवृद्धिः भवति। विशेषज्ञाः एतस्याः प्रवृत्तेः कारणं जीवनशैल्याः परिवर्तनं, शारीरिकक्रियाकलापस्य न्यूनता, आहारव्यवहारस्य च कारणं वदन्ति।

राज्ये स्थूलता अपि तीव्रगत्या वर्धमाना समस्यारूपेण उद्भूतः अस्ति। प्रतिवेदनानुसारं अधुना २२.२ प्रतिशतं महिलाः १७.६ प्रतिशतं पुरुषाः च अतिभारस्य अथवा स्थूलतायाः वर्गे पतन्ति। २०१९ तमे वर्षे एते आँकडाः महिलानां कृते १६.६ प्रतिशतं, पुरुषाणां कृते १५.६ प्रतिशतं च आसन्। महिलासु मोटापेः वर्धनस्य विशेषतया उच्चः दरः ज्ञातः अस्ति।

सर्वेक्षणेन जनसंख्यायाः जनसांख्यिकीयसंरचनायाः परिवर्तनमपि ज्ञातम्। राज्ये ६० वर्षाधिकानां जनानां जनसंख्या ११.६ प्रतिशतं यावत् वर्धिता अस्ति, यत् २०१९ तमे वर्षे १०.९ प्रतिशतं आसीत्। एतस्मिन् समये पञ्चवर्षेभ्यः न्यूनानां बालकानां प्रतिशतं ८.२ प्रतिशतात् ८.४ प्रतिशतं यावत् वर्धितम् अस्ति अन्तर्जालस्य उपयोगे अपि उल्लेखनीयवृद्धिः अभवत्। २०१९ तमे वर्षे यदा ५५.७ प्रतिशतं पुरुषाः २६.९ प्रतिशतं महिलाः च अन्तर्जालस्य उपयोगं कुर्वन्ति स्म, तदा एते आँकडाः क्रमशः ७७.३ प्रतिशतं, ६२ प्रतिशतं च प्राप्तवन्तः अङ्कीयप्रवेशस्य एषः विस्तारः राज्यस्य अन्तः वर्धमानस्य प्रौद्योगिकीजागरूकतायाः सूचकरूपेण दृश्यते।

**हिन्दीव्यापारस्य प्रमुखेन**

## अपि एतां श्रृङ्खलां मञ्चस्य सामग्रीरणनीतेः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

श्रृङ्खलायां कोलकाता न केवलं पृष्ठभूमिरूपेण, अपितु कथायाः एव एकः प्रमुखः पात्रः इति रूपेण उद्भवति। नगरस्य ऐतिहासिकवास्तुकला, चञ्चलमार्गाः, सामाजिकतनावः, वायुमण्डलीयधुन्धः च सम्पूर्णकथायाः भावनात्मकं मनोवैज्ञानिकं च आयामं गभीरं कर्तुं कार्यं करोति श्रृङ्खलायां प्रमुखभूमिकां निर्वहन् अभिनेता जिशु सेनगुप्ता ब्राउन् इत्यस्य वर्णनं रहस्यस्य भावनात्मकगहनतायाः च अद्वितीयं मिश्रणं करोति। तस्य दृष्ट्या कथा स्तर-स्तरं विस्तारयति, प्रत्येकं मोडने प्रेक्षकाणां सम्मुखीभवति नूतन-प्रश्नैः।

एए5 इत्यस्य हिन्दीव्यापारस्य प्रमुखेन अपि एतां श्रृङ्खलां मञ्चस्य सामग्रीरणनीतेः महत्त्वपूर्णघटकरूपेण चिह्नितवती अस्ति। सः प्रतिपादयति यत् ब्राउन् केवलं मनोरञ्जनात् परं गच्छति इति प्रकारस्य कथाकथनस्य प्रतिनिधित्वं करोति, दर्शकान् भावात्मकगहनतायाः, आकर्षकपात्राणां च चालितं विशिष्टं अनुभवं प्रदाति। प्रदर्शनात् पूर्वमपि ब्राउन् अन्तर्राष्ट्रीयप्रशंसां प्राप्तवान् अस्ति । २०२३ तमे वर्षे बर्लिन-अन्तर्राष्ट्रीय-चलच्चित्रमहोत्सवे बर्लिनेल-श्रृङ्खला-बाजार-चयन-कृते चयनिता एकमात्रा भारतीय-जाल-श्रृङ्खला इति अस्य भेदः अस्ति। अभिनय देव इत्यनेन निर्देशितं जी स्टूडियो इत्यनेन निर्मितं च एषा श्रृङ्खला जूनमासस्य ५ दिनाङ्के एए5 इत्यत्र स्ट्रीमिंग् आरभ्यत इति निश्चितम् अस्ति । करिश्मा कपूरस्य पार्श्वे अस्मिन् श्रृङ्खले सूर्यशर्मा, जिशुसेनगुप्ता, सोनी रज्दान च प्रमुखभूमिकाः दृश्यन्ते। ट्रेलरस्य विमोचनस्य अनन्तरं प्रेक्षकाः अधुना श्रृङ्खलायाः प्रीमियरस्य उत्सुकतापूर्वकं प्रतीक्षां कुर्वन्ति-एषः कार्यक्रमः करिश्मा कपूरः तस्याः करियरस्य एकस्मिन् विशिष्टे तीव्रे च अवतारे प्रदर्शयिष्यति।

## राशिफल

**मेष** : मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्षेत्र में प्रशंसा मिल सकती है।

**वृषभ** : करीबी मित्र से मुलाकात हो सकती है। धन की स्थिति सामान्य रहने वाली है। व्यापारिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं।

**मिथुन** : किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। व्यापार में तरक्की मिल सकती है। आर्थिक लाभ के संकेत हैं।

**कर्क** : रिश्तों में ताजगी आएगी। अविवाहित जातकों की लाइफ में किसी खास व्यक्ति की एंट्री हो सकती है।

**सिंह** : अपने रिश्तों पर फोकस रखना जरूरी है। आज धन का आगमन होगा, तो खर्च की अधिकता मन को परेशान भी कर सकती है।

**कन्या** : संबंधों में मधुरता आएगी। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापारिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला** : विवाहित जातकों को पार्टनर से सरप्राइज मिल सकता है। व्यापार में नई साझेदारी लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

**वृश्चिक** : धन को लेकर सावधानी बरतें। निवेश के अच्छे अवसर सामने आएंगे। नए संबंध विकसित हो सकते हैं।

**धनु** : खर्च की अधिकता मन को परेशान कर सकती है। यात्रा के योग बन रहे हैं। आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** : आज कार्यस्थल पर अपने विचारों को जाहिर करने में संकोच न करें, सीनियर्स प्रभावित हो सकते हैं।

**कुंभ** : जीवनसाथी के साथ अनबन होने के कारण मन विचलित हो सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मीन** : किसी मेहमान का आगमन हो सकता है। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**१५०० कार्याणि आवेदनं कृत्वा एकः अपि साक्षात्कारः न कृतः**

# एच्-१ बी वीजाधारकस्य अष्टाद् नूतनविमर्शः उत्पन्नः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन




अमेरिके रोजगारस्य वीजानीतीनां च विषये प्रचलति वादविवादस्य मध्ये एच्-१ बी वीजाधारकस्य कथा सामाजिकमाध्यमेषु तीव्रगत्या वायरल् भवति। एकः व्यावसायिकः आँकडा अभियंतारूपेण कार्यं कुर्वन् दावान् अकरोत् यत्, विगतमासेषु सः सम्पूर्णे संयुक्तराज्ये १५०० तः अधिकानि कार्याणि आवेदनं कृतवान् परन्तु एकः अपि साक्षात्कार-कॉलः सकारात्मकप्रतिक्रिया वा न प्राप्तवान् रेडिट् इत्यत्र साझां कृतं तस्य पदं न केवलं कार्यबाजारस्य वास्तविकस्थितेः विषये प्रश्नान् उत्थापितवान् अपितु एच्-१ बी वीजाधारकाणां समक्षं स्थापितानां आव्हानानां विषये नूतनचर्चा अपि प्रज्वलितवान्।

रेडिट्-पोस्ट्-मध्ये प्रश्ने व्यक्तिः स्पष्टीकरोति यत् सः अद्यतन-स्नातकः नास्ति; अपितु सः अमेरिकी-राज्ये ओहायो-राज्ये वर्षत्रयाधिकं यावत् आँकडा-इञ्जिनीयररूपेण कार्यं कुर्वन् अस्ति। सः आँकडा-पाइप्-लाइन्-विकासस्य व्यावहारिक-अनुभवं धारयति, क्लाउड्-प्रौद्योगिकीभिः, ईटीएल-कार्यप्रवाहैः, उत्पादन-प्रणालीभिः च सह कार्यं कुर्वन् अस्ति। परन्तु तस्य कम्पनी अद्यैव तस्य एच्-१ बी वीजा नवीकरणप्रक्रियायाः कार्यं न कर्तुं निश्चयं कृतवती, येन सः नूतनकार्यस्य अन्वेषणं आरभ्यतुं बाध्यः अभवत्।

स्वस्य पोस्ट् मध्ये सः लिखितवान् यत् सः राष्ट्रव्यापिरूपेण उपलब्धानां अवसरानां कृते निरन्तरं आवेदनं कुर्वन् अस्ति, परन्तु स्थितिः अत्यन्तं निराशाजनकः एव अस्ति। तस्य मते मानसिकतनावस्य महत्तमं स्रोतः अस्ति यत् एतावता विशालप्रमाणेन आवेदनं कृत्वा अपि सः कस्यापि कम्पनीतः एकमपि प्रतिक्रियां न प्राप्तवान् सः अवदत् यत् इदानीं सः अवगन्तुं हानिम् अनुभवति यत् समस्या कार्यविपण्यस्य एव, तस्य भौगोलिकस्थानस्य, वीजाप्रायोजकत्वसम्बद्धानां कम्पनीनां अनिच्छायाः, अन्यस्य वा किमपि अन्तर्निहितकारणस्य विषये अस्ति वा इति।

तस्य पोस्ट् वायरल् जातम् एव सामाजिकमाध्यमाः प्रतिक्रियाभिः प्लाविताः अभवन्। केचन उपयोक्तारः तस्य संघर्षस्य विषये सहानुभूतिम् प्रकटितवन्तः, वर्तमानकाले अमेरिकी-टेक-क्षेत्रं व्याप्तं रोजगार-संकटं च दर्शयन्ति स्म। तद्विपरीतम् अपि महत्त्वपूर्णसंख्याकाः जनाः तस्य स्वदेशं प्रति प्रत्यागन्तुं परामर्शं दातुं अग्रे आगतवन्तः। अनेकाः उपयोक्तारः दावान् अकरोत् यत् टेक-क्षेत्रे-विशेषतः डाटा-इञ्जिनीयरिङ्ग-डाटा-विज्ञानम् इत्यादिषु क्षेत्रेषु-नौकरी-बाजारः पूर्वमेव अत्यन्तं प्रतिस्पर्धात्मकः जातः, यत्र सहस्राणि अभ्यर्थिनः सीमितसङ्ख्यायाः अवसरानां कृते स्पर्धां कुर्वन्ति। केचन प्रतिक्रियाः तीक्ष्णं समीक्षात्मकं च स्वरं अपि प्रहारितवन्तः। एकः उपयोक्ता टिप्पणीं कृतवान् यत् यदि कश्चन १५०० आवेदनपत्राणि प्रस्तूय एकं अपि आह्वानं न प्राप्तवान् तर्हि तस्य तात्पर्यं भवति यत् विपण्यं तेषां कौशलसमूहस्य मूल्यं न ददाति। अन्यः उपयोक्ता टिप्पणीं कृतवान् यत् एच्-१ बी वीजाधारकाणां नियुक्तिः सम्प्रति स्थगितम् अस्ति, येन सूचितं यत् एताद्दशे परिद्दश्ये गृहं प्रत्यागन्तुं उत्तमः विकल्पः भवितुम् अर्हति इति। अनेके अपि तर्कयन्ति स्म यत् आँकडा-इञ्जिनीयरिङ्ग-क्षेत्रं संतृप्ति-बिन्दुं प्राप्तवान्, यतः अस्मिन् एव क्षेत्रे अन्तर्राष्ट्रीय-छात्राः व्यावसायिकाः।

**९७.५ एमएलडी अशुद्धमलजलस्य प्रवाहः**

# प्रतिदिनं नदीषु नालीषु च भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्यप्रदेशस्य जबलपुरनगरे सीवेजप्रबन्धनस्य अगाधस्थितेः विषये राष्ट्रिय सर्वितन्यायाधिकरणेन अत्यन्तं कठोरः रुखः स्वीकृतः। एनजीटी-संस्थायाः गहनं नाराजगी चिन्ता च प्रकटिता अस्ति यत् प्रतिदिनं कोटि-कोटि-लीटर-अशुद्ध-मल-जलस्य प्रत्यक्षतया नगरस्य अन्तः आन्ध्र-जल-नालिकासु, नद्यः च निर्वह्यते। इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेते हुए एनजीटी पीठ- जिसमें अध्यक्ष न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव तथा विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफ्रोज अहमद शामिल हैं- जबलपुर नगर निगम एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को तत्काल सख्त तथा प्रभावी उपाय करने का निर्देश दिया है। कठोरनिदेर्शेन न्यायाधिकरणेन द्वयोः उत्तरदायीविभागयोः निर्देशः दत्तः यत् आगामिषु षड्सप्ताहेषु अस्मिन् सम्पूर्णे विषये विस्तृतं अनुपालनप्रतिवेदनं प्रस्तूयताम्। अस्य प्रकरणस्य अग्रिमः निर्णायकः सुनवायी १३ जुलै दिनाङ्के निर्धारिता अस्ति।

कङ्क्रीटीकरणे कोटिरूप्यकाणां व्ययस्य अभावेऽपि कार्यम् अपूर्णम् अस्ति सारतः एनजीटी-सुनवायी जबलपुर-नगरे नालिकानां कंक्रीटीकरणस्य विषये कार्यस्य अपूर्ण-स्थितिं सम्बोधयति- विशाल-वित्तीय-व्ययस्य अभावेऽपि-, तथैव नगरस्य शिथिल-मलजल-प्रबन्धनस्य च। कार्यवाही-काले न्यायाधिकरणेन आधिकारिक-अभिलेखानां स्थल-वास्तविकतायाः च मध्ये महत्त्वपूर्ण-विसंगतिः अवलोकिता, येन नगरस्य पर्यावरण-सुरक्षायाः पूर्णतया अवहेलना कृता इति सूचितम् नालीसुधारस्य, सीवरेजजालस्य विकासस्य च नामधेयेन कोटिरूप्यकाणां बजटस्य आवंटनं उपयोगश्च भूमौ मूर्तपरिणामाः शून्याः एव सन्ति आर्धाधिकं अपशिष्टजलं विना उपचारं प्रत्यक्षतया नालिकेषु निर्वहति एनजीटी-पीठिकायाः समक्षं प्रस्तुताः आश्चर्यजनकाः आँकडाः नगराधिकारिभिः कृतानां प्रशासनिकदावानां खोखलापनं उजागरयन्ति। सम्प्रति जबलपुरनगरे प्रतिदिनं प्रायः १७४ मिलियनलीटरप्रतिदिनं मलजलस्य उत्पादनं भवति। अस्य विशालस्य परिमाणस्य सर्वथा विपरीतरूपेण नगरनिगमस्य समीपे केवलं ७६.५ एमएलडी मलजलस्य उपचारार्थं आधारभूतसंरचना अस्ति।

**ज्योतिष/वास्तु**

# एक ही दिन नक्षत्र बदलेंगे बुध और शुक्र, 4 राशियों के जीवन में आएंगी खुशियां



11 जून 2026 को बुध और शुक्र एक ही दिन नक्षत्र परिवर्तन करने जा रहे हैं, जिसका असर सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा। बुध सुबह 11:30 बजे पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करेगा, जबकि शुक्र दोपहर 2:11 बजे पुष्य नक्षत्र में गोचर करेगा।

बुद्धि, संवाद और व्यापार के कारक बुध तथा सुख, प्रेम और विलासिता के प्रतीक शुक्र 11 जून 2026 को एक ही दिन नक्षत्र परिवर्तन करने जा रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र में दोनों ग्रहों का यह बदलाव बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव व्यक्ति की सोच, करियर, आर्थिक स्थिति और रिश्तों पर पड़ता है। बुध सुबह 11:30 बजे पुनर्वसु नक्षत्र में प्रवेश करेगा और 8 अगस्त तक वहीं रहेगा, जबकि शुक्र दोपहर 2:11 बजे पुष्य नक्षत्र में गोचर करेगा और 23 जून तक इसी नक्षत्र में स्थित रहेगा। ऐसे में कुछ राशियों को बुध की कृपा से बुद्धिमत्ता, वाणी और व्यापार में लाभ मिलेगा, तो कुछ राशियों को शुक्र के प्रभाव से प्रेम, सुख-सुविधा और धन लाभ के योग बनेंगे। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह ग्रह परिवर्तन सबसे ज्यादा शुभ साबित हो सकता है।

**वृषभ राशि-** 11 जून को शुक्र के नक्षत्र परिवर्तन से वृषभ राशि के जातकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और रुके हुए धन की प्राप्ति या आय के नए स्त्रोत खुलने की संभावना बनेगी। परिवार के साथ यात्रा या सुखद समय बिताने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी और जो लोग किसी को प्रपोज करने की सोच रहे हैं, उनके लिए यह समय अनुकूल रहेगा। बड़ों का आशीर्वाद और सहयोग जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेगा।

**सिंह राशि-** बुध का गोचर सिंह राशि के लिए लाभकारी साबित होगा। परिवार में आपसी सहयोग बढ़ेगा और रिश्तों में चल रहा तनाव कम होगा। प्रेम जीवन में भी सुधार आएगा और समझदारी बढ़ेगी। आर्थिक दृष्टि से नए अवसर प्राप्त होंगे और आय के कई स्त्रोत बन सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ या नई संभावनाएं मिल सकती हैं। कार्यक्षेत्र में पुराने विवाद समाप्त होकर स्थिति आपके पक्ष में आएगी।

**कन्या राशि-** बुध का यह गोचर कन्या राशि वालों के लिए विशेष रूप से शुभ रहेगा क्योंकि यह आपकी राशि का स्वामी ग्रह भी है। आत्मविश्वास और रचनात्मकता में वृद्धि होगी। लंबे समय से रुके हुए सरकारी या जरूरी कार्य पूरे हो सकते हैं। परिवार और वरिष्ठों का पूरा सहयोग मिलेगा जिससे आप अपने लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ पाएंगे।

**तुला राशि-** शुक्र का नक्षत्र परिवर्तन तुला राशि के लिए अत्यंत शुभ रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। प्रेम संबंधों में समय बिताने से मानसिक संतोष मिलेगा और रिश्ते मजबूत होंगे। आर्थिक समस्याओं से राहत मिलने के योग हैं और निवेश से लाभ प्राप्त हो सकता है। यह समय धन वृद्धि और सफलता के नए अवसर लेकर आएगा।

